# Communicate in English-3

# 1. Cinderella

## तैयार हो जाओ

एक सज्जन परी एवं चप्पलों ने एक निर्धन लड़की सिंड्रेला को सुन्दर राजकुमारी बनने में सहायता की है। एक छात्र परी एवं दूसरा छात्र चप्पलों की भूमिका के बारे में बात करेगा।

एक बार एक सुन्दर लड़की थी। उसकी माता की मृत्यु हो चुकी थी। अत: उसके पिता ने पुन: विवाह कर लिया था। उसकी सौतेली माँ के दो पुत्रियाँ थीं।

**सिंड्रेला**—मैं कितनी सुन्दर हूँ।

**आवाज आती है**—सिंड्रेला!

उसकी सौतेली माँ और सौतेली बहनें उसकी सुन्दरता से बहुत जलती थी। वे उसे पसंद नहीं करती थीं एवं पूरे दिन उस पर चिल्लाती रहती थी।

**सौतेली माँ**—तुम ड्रेसिंगरूम में क्या कर रही हो? जाओ और फर्श को साफ करो।

सिंड्रेला से घर का सारा काम कराया जाता था। इससे वह बहुत दु:खी थी। उसकी आँखों से आँसू गिरने लगे।

उसकी सौतेली माँ उसे खाने में थोड़ा सा भोजन एवं पहनने के लिए फटे-पुराने कपड़े देती थी।

**सौतेली माँ**—ये लो। तुम इसी के योग्य हो।

रात्रि में, घर का सारा काम पूरा करने के बाद, उसे अंगीठी के पास सुलगती हुई गर्म लकड़ियों के पास सुलाया जाता था। इससे वह राख से ढक जाती थी और गंदी हो जाती थीं। इसी कारण उसे सिंड्रेला कहते थे।

एक दिन परिवार को राजा की ओर से महल में होने वाले बॉल डांस के लिए निमंत्रण मिला। दोनों सौतेली बहनों ने तैयार होने में सहायता के लिए सिंड्रेला को बुलाया।

**सौतेली बहन**—इसे जल्दी करो सिंड्रेला क्योंकि हम राजा के महल में बॉल डांस के लिए जा रहे हैं।

सिंड्रेला भी उनके साथ बॉल-डांस में जाना चाहती थी। उसने अपनी सौतेली माँ से अपने को साथ ले जाने की प्रार्थना की लेकिन उसे मना कर दिया गया।

सौतेली माँ बहुत क्रूर थी। वह सिंड्रेला को डाँटती है।

**सौतेली माँ**—तुम हमारे साथ नहीं जा सकती क्योंकि तुम्हारे पास अच्छे कपड़े नहीं है और तुम्हें डांस करना भी नहीं आता है।

**सिंड्रेला**—मैं जाना चाहती हूँ..

महिला एवं दोनों लकड़ियों के जाने के बाद, अचानक एक रोशनी चमकी और एक खूबसूरत परी प्रकट हुई।

**परी**—रो मत सिंड्रेला!

परी ने कुछ जादुई शब्द बोले और अपनी छड़ी को घुमाया..

... उसने एक कद्दू को घोड़ागाड़ी में एवं पाँच छोटे चूहों को पाँच ताकतवर घोड़ों में बदल दिया। उसने सिंड्रेला को सोने-चाँदी से कढ़ाई की हुई एक खूबसूरत ड्रेस भी दी।

**परी**—तुम बहुत खूबसूरत लगी रही हो।

**सिंड्रेला**—धन्यवाद!

**परी**—तुम्हें मध्यरात्रि से पहले आना होगा क्योंकि उसके बाद जादू का असर समाप्त हो जाएगा।

महल में सभी सिंड्रेला एवं उसकी खूबसूरत ड्रेस को निहार रहा था।

**एक महिला**—बहुत खूबसूरत हो!

**राजकुमार**—अरे वाह!

**एक महिला**—शानदार महिला!

राजकुमार सिंड्रेला के पास आकर विनती करता है—

**राजकुमार**—खूबसूरत महिला! क्या मैं तुम्हारे साथ डांस कर सकता हूँ?

दोनों ने डांस किया। सिंड्रेला बहुत खुश थीं।

जब तक आधी रात नहीं हो गई वह डांस करती रही। जब घड़ी में बारह बजने की आवाज आई वह तेजी से महल से भागी जिसके चलते उसकी एक चप्पल सीढ़ियों पर ही गिर गई।

सिंड्रेला जल्दी से घर पहुँची। उसने खूबसूरत कपड़े उतारकर अपने पुराने कपड़े पहन लिए। प्रात:काल में उसकी सौतेली माँ एवं सौतेली बहन महल से वापिस लौटी और उन्होंने सिंड्रेला पार्टी में आई एक खूबसूरत लड़की के बारे में बताया।

**सौतेली माँ**—वह बहुत खूबसूरत थी और राजकुमार ने उसके साथ डांस किया।

महल में राजकुमार ने सिंड्रेला की छूटी हुई चप्पल उठा ली।

**राजकुमार**—मैं उसी लड़की से विवाह करूँगा जिसकी चप्पल मुझे यहाँ पर मिली है।

उसने अपने सैनिकों को उस लड़की को ढूँढ़ने का आदेश दिया जिसके पैर में वह चप्पल फिट आती हो।

लड़की को खोजते हुए सैनिक सिंड्रेला के घर पहुँचे।

**सैनिक**—लड़कियों! इस चप्पल को पहनने की कोशिश करो।

सिंड्रेला की सौतली बहनों ने उस छोटी चप्पल को पहनने की कोशिश की लेकिन वह फिट नहीं आई।

**सैनिक**—यह तुम्हारी नहीं है।

अब सिंड्रेला की बारी थी।

**सैनिक**—नवयुवती! अब तुम कोशिश करो। बहुत अच्छे।

सौतेली माँ और उसकी बेटियों ने सिंड्रेला को चकित होकर गुस्से में देखा।

**सौतेली बहन**—यह कैसे संभव है?

अगले दिन राजकुमार सिंड्रेला के घर आया।

**सिंड्रेला**—राजकुमार, आपका स्वागत है।

राजकुमार सिंड्रेला को अपनी शाही बग्घी में ले गया और पूरे समय उसकी आँखों में देखता ही रहा।

**राजकुमार**—क्या तुम मुझसे शादी करोगी?

**सिंड्रेला**—मैं करूँगी।

शीघ्र ही राजकुमार और सिंड्रेला का एक आलीशान कार्यक्रम में विवाह हो गया।

उसके बाद राजकुमार एवं राजकुमारी सिंड्रेला सुख से रहे।

## Creative Exercise

### TEXTUAL STUDY

**A. Answer the following questions :**

**1.** Cinderella was a beautiful girl.
**2.** Cinderella's stepmother and sisters were jealous of her beauty.
**3.** Her stepmother gave her old ragged clothes to wear.
**4.** One day, the family received an invitation from the king to attend the palace ball.
**5.** Cinderella begged her stepmother to let her come to the ball.
**6.** The pumpkin changed into a coach and five little mice changed into five strong horses.
**7.** Cinderella left one of her slippers at the king's palace.

**B. Tick (✓) the correct option :**

**1.** (b) her stepmother did not love her
**2.** (d) wear good clothes
**3.** (b) All of them
**4.** (b) The mice **5.** (c) slippers

**C. Who said the following?**

**1.** Stepmother, **2.** Cinderella, **3.** Stepsisters, **4.** Fairy, **5.** Prince, **6.** Cinderella, **7.** Prince.

**D. Write True or False :**

**1.** False, **2.** True, **3.** True, **4.** True, **5.** False.

### VOCABULARY SKILL

**E. Match the columns :**

| Column A | Column B |
|---|---|
| Cinderella | poor |
| Stepmother | unkind |
| Soldier | obedient |
| Gentle fairy | kind |
| The prince | handsome |
| Stepsisters | jealous |

## Comprehensive Exercise

### GRAMMAR SKILL

**A. Fill in the blanks of the following sentences with the following preposition :**

**1.** till, **2.** in, **3.** within, **4.** since, **5.** at, in,
**6.** on, **7.** between, **8.** among, **9.** by, **10.** from.

### WRITING SKILL

**B. Write the problems of Cinderella and how she manages to overcome them :**

Do it youself.

**SPEAKING SKILL**

**C. Many words are spelled differently in American and British English. Speak these words aloud in the class :**

Do it yourself.

**LEARN WITH FUN**

**D. Let's make a bird.**

Do it yourself.

**LIFE SKILL**

**E. Work with a friend and decide how each of these actions will affect the environment. Write in a few words.**

**1.** save water, **2.** sound pollution, **3.** save electricity, **4.** save water, **5.** air pollution, **6.** No polythene, **7.** save electricity.

# The Time (Read for Fun)

काम के समय काम करो।
खेलने के समय खेलो।
यही एक तरीका है,
प्रसन्नचित्त एवं चिंतामुक्त रहने का।
जो कुछ भी तुम करते हो
उसे पूरी शक्ति के साथ करो
आधा-अधूरा किया गया काम
कभी सही नहीं होता।
एक समय पर एक काम करो
उस काम को अच्छी तरह से करो।
यह एक ऐसा सिद्धान्त है,
जिसके बारे में सभी कहते हैं।
किसी भी पल को,
बेकार मत जाने दो,
अत: काम के समय काम करो,
एवं खेलने के समय खेलो।

## Creative Exercise

**TEXTUAL STUDY**

**A. Answer the following questions :**

**1.** The way to be happy and joy is to work and play on proper time.

**2.** No, the things done by halves are never done right.

**3.** No, we should not spend all our time in study.

**B. Tick (✓) the correct option :**

**1.** (a) playing, **2.** (b) golden rule.

**C. Fill in the blanks :**

**1.** play, **2.** might, **3.** rule, **4.** trifled.

**D. Write True or False :**

**1.** False, **2.** True, **3.** True, **4.** True.

**VOCABULARY SKILL**

**E. Unscramble the jumbled words with the help of the given clues :**

**1.** Whale, **2.** Camel, **3.** Horse, **4.** Calf.

**F. Match the sounds with the animals :**

| Column A | Column B |
|---|---|
| bleat | sheep |
| roar | lion |
| bark | dog |
| quack | duck |
| bray | donkey |
| moo | cow |

# 2. The Duck Race

## तैयार हो जाओ

दी गई पक्षियों की तस्वीरों को देखिए। बॉक्स की सहायता से इन पक्षियों के सही नाम लिखिए।

कबूतर मुर्गी तोता उल्लू कौआ पेग्विन किंगफिशर

टूकन बाज चिड़िया कठफोड़वा गूज बत्तख मोर

**अध्यापक के लिए—**

अध्यापक छात्रों को प्रत्येक पक्षी की विशेषताओं के बारे में बताएँ।

क्विक एवं क्वैक दो छोटे बहादुर बत्तख थे जो अपनी माँ के साथ रहते थे। वे दोनों वास्तव में तेज थे और हमेशा एक दूसरे से रेस लगाते रहते थे। वह एक दूसरे से सभी प्रकार की दौड़ प्रतियोगिता करते थे चाहे वह जमीन, पानी या हवा में हो अथवा दौड़ना, तैरना या उड़ना हो।

एक दिन दोनों अपने अंकल मि० डिक से मिलने नदी के ऊपरी मुहाने पर उनके घर गये। क्विक चिल्लाया—'अंत में घर पहुँचने वाला अच्छा बतख है' और दोनों बत्तख तेजी से नदी से नीचे की ओर तैरने लगे। दोनों को रास्ते का अच्छा ज्ञान था लेकिन क्वैक कुछ समय से एक योजना बना रहा था। उसे पता था कि नदी के बीच में पानी का बहाव तेज है और वह उसकी सहायता कर सकता है। हालाँकि बत्तख माँ ने उन्हें नदी के बीच में जाने से मना किया था। क्वैक वहाँ पहुँचा और सोचा—'अब मैं बड़ा हो गया हूँ, और यहाँ पर तैर सकता हूँ।'

लेकिन उसे यह समझने में अधिक देर नहीं हुई कि उसकी माँ ने सत्य कहा था। वह क्विक से बहुत तेजी से तैर रहा था और उससे आगे था। क्विक खुश नहीं था। उसने कभी भी अपनी माता की बात नहीं टाली थी। अपनी इस आज्ञाकारी सोच के चलते वह रेस हारने वाला था। जैसे-जैसे वे आगे बढ़ते गये, पानी का बहाव तेज होता गया।

बिना यह जाने कि वह नदी के बीच में उठे भंवर की ओर जा रहा है, क्वैक ने गर्व के साथ निर्धारित रेखा को पार कर लिया। तैरकर आगे जाने से पहले ही वह भंवर में गोल-गोल घूमने लगा और वह बचने में असमर्थ था।

उसका वहाँ से निकलना सरल नहीं था। कोई भी बत्तख इतनी ताकतवर नहीं होती जो ऐसे बहाव में तैर सके और बेचारा क्वैक अब पानी निगलने लगा। उसके एक लट्टू की तरह गोल-गोल घूम रहे सिर से भी कोई सहायता नहीं हो रही थी।

सौभाग्य से नजदीक के खेत से एक गाय वहाँ आयी और क्वैक को देखा, पानी में घुसी, उसे बचाया और नदी का सारा पानी पीने से रोका। जब वह सूखी जमीन पर पहुँचा तो वह कुछ समय तक झूमता रहा। उसे इस हालत में देखकर अन्य सभी जानवर बहुत हँसे।

उस दिन, क्विक समझ गया कि उसने अपनी माता की बात मानकर बहुत अच्छा किया लेकिन शुरुआत में ऐसा करना बहुत मुश्किल लगा। जहाँ तक क्वैक की बात है तो वह इस अनुभव को कभी नहीं भूल सकता। उसी समय से जब भी वह पानी की एक बूँद भी छूता है, वह फर्श पर गिर जाता है और उठकर खड़े होने से पहले तीन गोल चक्कर लगाता है।

## Creative Exercise

### TEXTUAL STUDY

**A. Answer the following questions :**

**1.** Quick and Quack raced each other in all sorts of places on land, water and air, running, swimming or flying.

**2.** Upriver, they went to visit their uncle Mr. Dick.

**3.** Their mother told them never to swim in the middle of the river.

**4.** Quack disobeyed his mother to win the race.

**5.** When quack went into the whirlpool, he was spinning around in it.

**6.** A cow saved him.

**7.** From Quack's experience, we learn to always obey our parents.

**B. Tick (✓) the correct option :**

**1.** (a) race with each other, **2.** None of these, **3.** (b) swam into the whirlpool.

**C. Fill in the blanks :**

**1.** ducks, **2.** home, **3.** Quack, **4.** river, **5.** animals.

### VOCABULARY SKILL

**D. Write the opposites of these words :**

**1.** behind, **2.** beginning, **3.** obeying, **4.** weaker, **5.** wet, **6.** difficult, **7.** slowly, **8.** unfortunately.

**E. Write a or an in each blank and read the words aloud :**

**1.** a, **2.** an, **3.** a, **4.** a, **5.** an, **6.** a, **7.** a, **8.** a, **9.** an, **10.** a, **11.** a, **12.** a, **13.** an, **14.** a.

**F. Circle the correct spelling for each group and write in the given space :**

| | Column A | Column B | Column C | Column D |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Sonday | Senday | Sunday | Sunday |
| 2. | Moonday | Monday | Mondaye | Monday |
| 3. | Tusday | Tuasday | Tuesday | Tuesday |
| 4. | Wednesday | Wednasday | Vednesday | Wednesday |
| 5. | Thurday | Thursday | Thersday | Thursday |
| 6. | Freday | Fraday | Friday | Friday |
| 7. | Saturday | Saterday | Satarday | Saturday |

## Comprehensive Exercise

### GRAMMAR SKILL

**A. Make nouns by adding *-ance* and *-ence* :**

appearance, difference, dependence, assurance, attendance, occurence, assitance, interference.

**B. Make adjectives by adding *-full* :**

truthful, joyful, useful, harmful, faithful, peaceful, merciful, awful.

**C. Fill in the blanks with *am, is* or *are* :**

**1.** is, **2.** am, **3.** are, **4.** is, **5.** are, **6.** is, **7.** are, **8.** are, **9.** is, **10.** is.

**D. Fill in the blanks with *was* or *were* :**

**1.** was, **2.** were, **3.** was, **4.** were, **5.** were, **6.** was, **7.** was, **8.** was, **9.** were, **10.** was.

**E. Fill in the blanks with *was, were* or *am* :**

were, was, were, am,.

### SPEAKING SKILL

**F. Practice the following conversation of two friends on the topic My Class :**

अजय और विजय दोस्त हैं। वे अलग-अलग स्कूलों में पढ़ते हैं। वे अपनी कक्षाओं के बारे में वार्तालाप करते हैं। इस वार्तालाप की अपने दोस्त के साथ अभ्यास करो।

**विजय**—गुड मोर्निंग अजय! तुम कैसे हो?

**अजय**—मैं अच्छा हूँ, विजय! तुम बताओ।

**विजय**—हमारी कक्षा अध्यापिका दिन से अनुपस्थित चल रही हैं। इसलिए हमें कक्षा में मजे करने के लिए काफी समय होता है।

**अजय**—बहुत अच्छे! खैर तुम्हारी कक्षा अध्यापिका कौन है?

**विजय**—श्रीमती निशा हमारी कक्षा अध्यापिका हैं।

**अजय**—तुम्हारी कक्षा में कितने छात्र हैं?
**विजय**—हमारी कक्षा में 38 छात्र हैं।
**अजय**—कक्षा का मॉनीटर कौन है?
**विजय**—आर्यन हमारी कक्षा का मॉनीटर है।
**अजय**—तुम कक्षा में कहाँ पर बैठते हो?
**विजय**—मैं कक्षा की प्रथम पंक्ति में बैठता हूँ। कभी-कभी मैं पीछे वाली बेंच पर बैठता हूँ।
**अजय**—तुम अपनी कक्षा के छात्रों से कैसा व्यवहार करते हो?
**विजय**—अपनी कक्षा के छात्रों के साथ मैं अच्छा व्यवहार करता हूँ। और तुम?
**अजय**—मैं अपने दोस्तों एवं अपनी कक्षा के छात्रों के साथ मित्रतापूर्वक व्यवहार करता हूँ।
**विजय**—अपने खाली पीरियड में तुम क्या करते हो?
**अजय**—अपने खाली पीरियड में मैं पुस्तकालय जाता हूँ और कोई अच्छी पुस्तक पढ़ता हूँ।
**विजय**—लेकिन मैं अपने खाली पीरियड में अपना कोसवर्क पूरा करता हूँ।
**अजय**—बहुत अच्छे।
**विजय**—ठीक है, बाद में मिलते हैं। बाय!
**अजय**—बाय, फिर मिलते हैं।

**MORAL**

**We should respect our elders and obey our parents. Tick (✓) what do you do with their parents :**

help my mother in kitchen. (✓)
give newspaper to my father. (✓)
disturb my parents. (✗)
shout loudly while my mother worships. (✗)
give a glass of water to my father. (✓)

## Improvement Activities-1

**(Lesson 1, 2 )**

**A. Answer the following questions :**

**1.** Cinderella's stepmother and stepsisters were jealous of her beauty.
**2.** Cinderella left one of her slippers at the king's palace.
**3.** We can be happy and gay if we work and play at proper time.
**4.** Quick and Quack raced each other in all sorts of places on land, water and air, running, swimming or flying.
**5.** Quack disobeyed his mother to win the race.

**B. Tick (✓) the correct option :**

**1.** (b) her stepmother did not love her, **2.** (b) mice,
**3.** (a) playing, **4.** (d) None of these, **5.** (b) swam into the whirlpool.

**C. Write True or False :**

**1.** True, **2.** False, **3.** True, **4.** False, **5.** False.

**D. Fill in the blanks :**

**1.** in, **2.** by, **3.** among, **4.** am, **5.** are.

**E. Circle the correct spelling for each group and write in the given space :**

| | **Column A** | **Column B** | **Column C** | **Column D** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Sonday | Senday | Sunday | Sunday |
| 2. | Moonday | Monday | Mondaye | Monday |
| 3. | Tusday | Tuasday | Tuesday | Tuesday |
| 4. | Wednesday | Wednasday | Vednesday | Wednesday |
| 5. | Thurday | Thursday | Thersday | Thursday |

# 3. Birds are Friends

## तैयार हो जाओ

हमारा नाम जानने के लिए निम्न पहेलियों को सुलझाइए। चित्रों की सहायता ले सकते हैं।

1. मेरे पंख हैं लेकिन मैं पक्षी नहीं हूँ।
   मैं छोटी एवं रंग-बिरंगी हूँ।
   मैं एक तितली हूँ।
2. बहुत समय पूर्व मैं पृथ्वी पर रहता था।
   मैं एक विशाल जानवर था।
   मैं एक डायनासोर हूँ।
3. मैं जंगल का राजा हूँ।
   मैं गुफा में रहता हूँ।
   मैं बहुत तेजी से दहाड़ता हूँ।
   मैं एक शेर हूँ।
4. मेरे चार पैर हैं।
   मेरे चार थन हैं।
   मैं दूध देती हूँ।
   मैं एक गाय हूँ।

यह घटना गत वर्ष सर्दी के समय की है। मम्मी, ज्योति, दादा एवं दादी के साथ निखिल डायनिंग टेबिल पर बैठा था। मम्मी ने फ्रूट चाट तैयार की थी। पापा को खाना पकाना पसंद है। वह रसोई में कटलेट बना रहे थे। दादी ने पोदीने की चटनी बनाई थी। यह कटलेट के साथ बहुत अच्छी लगती है। निखिल ने फ्रूट चाट और दो कटलेट खाए। उसे पार्क में जाने की जल्दी थी। वह और उसके दोस्त प्रत्येक रविवार सुबह को पार्क में खेलते हैं।

निखिल प्रथम तल पर ही रूक गया और अपने दोस्त अर्जुन को पुकारा। वह हाथ में सैंडविच लिए बाहर आया।

जैसे ही निखिल एवं अर्जुन जाने के लिए मुड़े, उन्हें जमीन पर कुछ दिखाई दिया। ओह! यह तो एक तोता था। उसे चोट लगी थी और उसे दर्द हो रहा था। वह हिल भी नहीं पा रहा था।

निखिल एवं अर्जुन पार्क में जाना भूल गये। वे तोते की सहायता करना चाहते थे।

अर्जुन के माता-पिता बाजार गये हुए थे। निखिल अपने माता-पिता को बुलाने के लिए वापस घर की ओर दौड़ा। अर्जुन तोते की सुरक्षा के लिए उसके पास ही खड़ा रहा।

शीघ्र ही निखिल अपने पिता और अम्मा के साथ नीचे आया। ''अरे इस बेचारे को तो चोट लगी है, निखिल—अर्जुन'' अम्मा ने कहा।

''क्या हमें इसे डॉक्टर के पास ले जाएँ?'' निखिल ने पूछा। ''नहीं निखिल, डॉक्टर के पास नहीं। हम इसे पक्षियों के अस्पताल में ले जाते हैं।'' पापा ने कहा।

अम्मा ने निखिल एवं अर्जुन को लाल किले के सामने वाले बिग बर्ड हॉस्पिटल के बारे में बताया। वहाँ पर प्रतिदिन सैकड़ों पक्षियों का इलाज किया गया है। लोग कहते हैं कि यह एशिया का सर्वश्रेष्ठ अस्पताल है।

वे तोते को पक्षियों के अस्पताल में ले गये। उसे अस्पताल में भर्ती कर लिया गया। एक डॉक्टर ने उसके घावों को धोया एवं उसकी मरहम पट्टी की। उसने उसे इंजेक्शन भी लगाया। कुछ ही दिनों में तोता स्वस्थ हो गया तथा उसे वापिस घर लाया गया। निखिल एवं अर्जुन ने बारी-बारी से उसकी देखभाल की। उन्होंने लगातार तोते को खाने के लिए भोजन दिया तब तक कि वह पुन: उड़ने नहीं लगा। वे अपनी जेब खर्च में से कुछ पैसे तोते के खाने में खर्च करते थे।

तोता उनका दोस्त बन गया। उन्होंने उसका नाम मि० टॉक रखा। दिनों के बीतने के साथ-साथ उनकी दोस्ती बढ़ती गई। अब मि० टॉक सूर्य उगते ही उनके पास आता और उनको नींद से जगाता था। कभी-कभी मि० टॉक अपने साथ कुछ पक्षी मित्रों को भी लेकर वहाँ आता और उनके साथ खेलता था।

निखिल और अर्जुन ने छत पर पक्षियों को दाना खिलाते थे, उन्होंने पक्षियों के पानी के लिए एक मिट्टी का कटोरा भी रख दिया। अनेकों पक्षी वहाँ पर दाना चुगने एवं पानी पीने आते थे। वे और पक्षियों को भी अपना दोस्त बनाना चाहते थे।

## Creative Exercise

### TEXTUAL STUDY

**A. Answer the following questions :**

**1.** Papa was in the kitchen making cutlets.
**2.** Dadi made mint chutney.
**3.** Nikhil had some fruit chaat and two cutlets.
**4.** Nikhil and Arjun noticed an injured parrot on the ground.
**5.** They took the parrot to the Bird Hospital.

**B. Fill in the blanks with the given words :**

**1.** breakfast, **2.** kitchen, **3.** Sunday, **4.** pain, **5.** bird, **6.** Mr. Talk.

**C. Who said the following?**

**1.** Amma, **2.** Nikhil, **3.** Papa, **4.** Papa.

**D. Write True or False :**

**1.** False, **2.** True, **3.** False, **4.** True, **5.** False.

## VOCABULARY SKILL

**E. Match the columns :**

| **Column A** | **Column B** |
|---|---|
| breakfast | morning meal |
| noticed | watched |
| hurt | wounded |
| replied | answered |
| washed | cleaned |


**F. Say these words aloud :**

Do it yourself.


**G. Add a related word to each group of words :**

**1.** parrot, **2.** car, **3.** lotus, **4.** nose.

**H. Add the letters *br* and *sp*. Read the words aloud :**




bread, brush, branch, broom, bridge.




spade, sparrow, spray, sponge, spoon.

## Comprehensive Exercise

### GRAMMAR SKILL

**B. Write *in, on* or *under* to complete the sentences :**

**1.** under, **2.** in, **3.** in, **4.** on, **5.** under, **6.** on.

**C. Tick (✓) the correct words within the brackets :**

**1.** Nikhil and Arjun lived (**on**/in) different floors.

**2.** There was a playground (over/**behind**) their house.

**3.** There were many trees (**in**/below) the park.

**4.** The children played (**under**/down) a big tree.

### LISTENING SKILL

**E. Your teacher will read aloud some incomplete sentences. Tick (✓) the words that will complete the sentences :**

**1.** in the pond, the car, **2.** down the hill, on the stage, **3.** on the mountain, in the river, **4.** in the function, the kite.

**F. Listen carefully as your teacher reads out some sentences. State whether True or False :**

**1.** False, **2.** True, **3.** True, **4.** True, **5.** False.

### WRITING SKILL

**G. Look at the picture. Answer the questions below :**

**1.** The nest is on the window sill.

**2.** There are two chicks in the nest.

**3.** The mother is feeding her chicks.

**4.** The babies are eating.

**5.** We see a butterfly and squirrels near the home.

### SPEAKING SKILL

**H. Take turns to ask and answer questions. Use *Yes, I can* or *No, I can't* :**

A : Can you cimb a tree?
B : No, I can't.
A : Can you fly a kite?
B : Yes, I can.
A : Can you sing a song?
B : Yes, I can.
A : Can you ride a bicycle?
B : No, I can't.
A : Can you fold clothes?
B : Yes, I can.

**J. Tick (✓) the correct answers. You can choose as many as you like :**

**1.** to start the day.

2. because I am hungry. (✓)
3. to keep healthy. (✓)
4. to get energy for work.

**Write three sentences on what you ate for lunch today.**

1. I had one glass of milk with some toast today.
2. My mother gave me butter and bread.
3. I also ate fruit cake of chocolate flavour.

### LIFE SKILLS

**L. Here is a recipe for a healthy sandwich. The order of the sentences is jumbled up. Number the sentences in the correct order :**

1. Take two slices of brown bread.
2. Place a slice of cheese or paneer on one of the slices.
3. Spread butter on both the slices.
4. Add some tomato and cucumber slices.
5. Sprinkle some salt and pepper on the tomato and cucumber slices.
6. Cover it with the second buttered slice.
7. Cut it into two pieces. Enjoy your sandwich.

**M. Tick (✓) the things that you could do for birds which visit you :**

**1.** (✓), **2.** (✓), **3.** (✗), **4.** (✓), **5.** (✗), **6.** (✓)

# The Squirrel (Read for Fun)

एक बार एक गिलहरी (पुल्लिंग) था।
वह दौड़ता हुआ पेड़ पर चढ़ जाता।
जब वह मुड़ता तो,
मेरे ऊपर एक अखरोट फेंक देता।
वह हवा में उड़ जाता
बड़ी आसानी से
हमोर पड़ोस में रहने वाली एक गिलहरी
पेड़ के पीछे से उछलकर उसे (अखरोट को) लपक लेती।

## Creative Exercise

### TEXTUAL STUDY

**A. Answer the following questions :**

1. The squirrel run up a tree.
2. The squirrel threw a nut to the poet.
3. The squirrel lives on the tree.

**B. Tick (✓) the correct option :**

**1.** (a) squirrel, **2.** (c) tree, **3.** (b) the poet.

**VOCABULARY SKILL**

**C. Match the columns :**

| **Column A** | **Column B** |
|---|---|
| right | left |
| up | down |
| throw | catch |
| jump | sit |

**D. Write the plural of the given words :**

feet, homes, lives, squirrels, trees, nuts.

**E. Read the poem aloud in the class and find out two rhyming words :**

tree-me, ease-trees.

# 4. Misty and Mickey

## तैयार हो जाओ

**कहानी को पढ़िए एवं दी गई नैतिक शिक्षा को समझिए।**

किसी समय एक दुकानदार था जिसकी एक किराने की दुकान थी। उसकी दुकान में बहुत अधिक चूहें रहते थे। वे सामान पर हमला बोलते, कुछ खा जाते बाकि को बर्बाद कर देते। इससे दुकानदार परेशान था लेकिन वह नहीं जानता था कि क्या करें।

**दुकानदार**—हे भगवान, क्या करूँ।

अचानक उसे एक शानदार विचार आया।

**दुकानदार**—मुझे एक बिल्ली खरीदनी चाहिए एवं उसे इस दुकान में छोड़ देना चाहिए। तभी मैं अपने सामान की सुरक्षा कर सकता हूँ।

दुकानदार एक अच्छी और बड़ी बिल्ली खरीद लाया जिसे चूहों का शिकार करके उन्हें मारने में आनंद आ रहा था।

बड़ी संख्या में चूहों के मरने से अन्य बहुत परेशान थे। लेकिन वे कुछ नहीं कर सकते थे। अत: उन्होंने एक सभा का आयोजन किया।

**एक चूहा**—हमें उस बिल्ली से छुटकारा पाना ही होगा। क्या कोई एक सुझाव दे सकता है?

सभी चूहों ने बैठकर विभिन्न सुझावों को रखा कि किस प्रकार उस बिल्ली को रोका जाये। लेकिन कोई भी सुझाव व्यवहारिक नहीं था।

तभी एक छोटा सा चूहा सामने आया और बोला....

**छोटा चूहा**—समस्या यह है कि बिल्ली दबे पाँव आती है, यदि हम उसके गले में एक घंटी बाँध दे तो।

**दूसरा चूहा**—लेकिन घंटी कौन बाँधेगा?

सभी चूहे इस प्रश्न पर विचार-विमर्श ही कर रहे थे कि अचानक बड़ी बिल्ली ने झपट्टा मारा और....

कुछ देर बाद, उस प्रश्न का उत्तर देने के लिए वहाँ कोई (चूहा) नहीं था।

**नैतिक शिक्षा—खाली समाधान का कोई महत्त्व नहीं।**

जो घर किसी को सबसे बढ़िया लगे तो यह आवश्यक नहीं कि वह दूसरे को भी अच्छा लगे। यह मनुष्यों साथ ही साथ चूहों के लिए भी सत्य है। यह जानने के लिए कहानी को पढ़िए—

एक बार की बात है, मिस्टी नाम का एक छोटा चूहा था। वह एक गाँव में रहता था। एक दिन उसने शहर में रहने वाले मिकी नामक चूहे को अपने घर आने को आंमत्रित किया। जब मिकी वहाँ पहुँचा तो दोनों रात्रिभोज करने के लिए बैठे। मिस्टी ने उसे गेहूँ व गोभी खाने के लिए दी। मिकी चकित था।

''वास्तव में'' उसने कहा, ''तुमने अच्छी तरह से नहीं खाते। तुम्हें देखना चाहिए कि मैं किस प्रकार से रहता हूँ। मेरे पास प्रतिदिन खाने के लिए सभी प्रकार की चीजें हैं। तुम्हें मेरे घर आना चाहिए। शहर में रहना वास्तव में बहुत अच्छा है।''

छोटे मिस्टी ने ऐसा ही किया। कुछ सप्ताह बाद वह अपने मित्र से मिलने शहर गया।

मिकी मिस्टी को एक अलमारी के पास ले गया। वह अलमारी घर की रसोई में थी जहाँ पर वह रहता था। वे नीचे वाली दराज में चढ़े। वहाँ पर कुछ पत्थर के जार के पीछे चीनी से भरी एक बोरी थी। छोटे मिकी ने बोरे में एक छेद कर दिया। फिर उसने अपने दोस्ती मिस्टी को कुछ चीनी खाने को आंमत्रित किया।

दोनों छोटे चूहे कुतर-कुतर करते रहे। मिस्टी ने सोचा कि यह तो बहुत ही स्वादिष्ट चीज है जो उसने पहले कभी नहीं खाई। वह खाते-खाते सोचता रहा—'मिकी कितना भाग्यशाली है!' तभी धड़ाम की आवाज के साथ दरवाजा खुला। रसोईया मैरी को थोड़ा आटा चाहिए था।

''भागो!'' मिकी ने धीरे से कहा। जितना तेज दोनों भाग सकते थे, वे उसी छोटे से छेद में से भागे जहाँ से वे अंदर आये थे। बेचारा मिस्टी पूरे समय कांपता रहा। फिर भी मिकी ने कहा—''कुछ नहीं। वह जल्दी ही चली जायेगी, फिर हम वापिस जायेंगे।''

रसोईये के बाहर जाने एवं दरवाजा बंद करने के बाद, वे दोनों धीमे-धीमे वापिस वहाँ फिर पहुँचे। इस समय मिकी मिस्टी को कुछ नया दिखाना चाहता था। वह मिस्टी को अलमारी के सबसे ऊपर वाले दराज में लेकर गया। वहाँ पर किशमिश से भरा एक बड़ा जार खुला हुआ रखा हुआ था। जार को काफी हिलाने-डुलाने पर एक बड़ी किशमिश जार से बाहर निकाली एवं उन्होंने कुतरना शुरू कर दिया। इस का स्वाद चीनी से कहीं अच्छा था। मिस्टी को इसका स्वाद इतना अच्छा लगा कि वह इसे बड़ी तेजी से खाने लगा। तभी अचानक उन्होंने दरवाजे के पास एक तेज आवाज सुनी—'मियाऊँ!'

''यह क्या है?'' मिस्टी ने डरते हुए पूछा।

मिकी धीमे से फुसफुसाया—''शशश!'' तभी वह छेद की ओर जितनी तेजी से भाग सकता था, भागा। मिस्टी उसके पीछे भागा। जैसे ही वे खतरे से बाहर आये, मिकी ने कहा—''यह एक बूढ़ी बिल्ली बेला है। यह शहर में चूहें पकड़ने में सबसे बेस्ट बिल्ली है। यदि उसने तुम्हें पकड़ लिया—तुम तो गये...'' ''यह तो बहुत भयावह है।'' मिस्टी ने कहा। ''हमें वापिस अलमारी के पास नहीं जाना चाहिए।''

''नहीं-नहीं'' मिकी ने कहा, ''मैं तुम्हें तहखाने में लेकर जाऊँगा। वहाँ पर वह खाने में कुछ स्पेशल मिलेगा।''

अत: मिकी अपने छोटे मित्र को तहखाने की सीढ़ी से नीचे ले गया। वे एक बड़ी अलमारी में पहुँचे जिसमें कई दराजें थीं। दराजों में मक्खन एवं चीनी के पैकेट थे। वहाँ पर अनाज एवं चटनी से भरे कनस्तर रखे थे। उनके सिर के ऊपर प्याज के गुच्छे लटक रहे थे तथा उसके पास में चटपटे अचार से भरे जार रखे हुए थे। इसी खूशबू इतनी अच्छी थी कि यह सीधे मिस्टी की खोपड़ी में घुस गई। वह अलमारी की दराज में दौड़ा और उसने अनाज के कुछ दोनों को कुतरा, फिर मक्खन में मुँह मारा। फिर उसका ध्यान कोने में रखे एक अजीब से स्टैण्ड पर रखे स्वादिष्ट स्वाद की खूशबू को बिखेरते हुए पनीर के टुकड़े पर पड़ी। वह पनीर के टुकड़े पर अपने दाँत गड़ाने ही वाला था कि मिकी ने उसे देख लिया।

''रूको! रूको!'' मिकी चिल्लाया—''यह एक पिंजरा है।''

मिस्टी रूक गया और बोला—''यह पिंजरा क्या होता है?''

छोटे मिकी ने कहा—''वह वस्तु चूहें पकड़ने का एक पिंजरा है—जैसे ही तुम्हारे दाँत इस पर पड़ते, कोई चीज तुम्हारे ऊपर आ गिरती और तुम मर जाते।''

तत्पश्चात्, छोटे मिस्टी ने पहले पिंजरे, फिर पनीर और अंत में मिकी की ओर देखा। उसने कहा—''मुझे माफ करो, मुझे वापिस अपने घर जाना चाहिए। चीनी, किशमिश और मक्खन बहुत अच्छे हैं लेकिन मैं हर समय मौत के भय में नहीं रहना चाहता। इससे अच्छा है कि मैं शान्ति एवं आराम के साथ अनाज के दाने एवं गोभी का भोजन करूँ।''

अत: मिस्टी वापिस घर चला गया एवं वह वहाँ पर जीवनभर रहा।

## Creative Exercise

### TEXTUAL STUDY

**A. Answer the following questions :**

**1.** Misty lived in the country.
**2.** For dinner, Misty gave Mickey barley and cauliflower.
**3.** Mickey tooks Misty to a cupboard, full of eatables.
**4.** Bella was an old cat, who was famous as the best mouser in town.
**5.** Mickey stopped Misty from eating cheese because it was a trap.
**6.** Misty decided to go back the country because his life was safe and peaceful there.

**B. Tick (✓) the correct option :**

**1.** (a) cauliflower, **2.** (a) brown sugar, **3.** (c) Misty, **4.** (b) Bella, **5.** (a) Cheese, **6.** (c) home.

**C. Write True or False :**

**1.** True, **2.** True, **3.** True, **4.** False, **5.** False, **6.** True.

**D. Who said the following?**

**1.** Mickey, Misty, **2.** Misty Mickey, **3.** Mickey, Misty, **4.** Mickey, Misty.

### VOCABULARY SKILL

**E. Arrange these sets of words in alphabetical order. Write them in your notebook :**

**1.** grain, mouse, sugar, trap

**2.** country, police, scratch, teeth

**3.** city, dining, flower, stone

**F. Match the columns :**

| **Column A** | **Column B** |
|---|---|
| Bella | the best mouser |
| Mary | the cook |
| Misty | the country mouse |
| Mickey | the city mouse |

## Comprehensive Exercise

### READING SKILL

**A. Read these sentences and encircle the proper nouns :**

**1. Mary**, the cook, opened the kitchen door.

**2. Bella**, the cat, scratched at the door.

**3. Misty** could not believe his eyes.

**4. Mickey** gave his friend a raisin.

**5.** The **cupboard** was in the kitchen.

**C. Help Bella to complete her diary entry about incident with the elephant :**

I told her that it was not good. We should treat animals with care. We should look after than carefully.

### LIFE SKILLS

**D. There are times when we get very angry and do foolish things. In fact most of us make mistakes when we do something in anger. Tick (✓) the things that we should do when we are angry :**

| | |
|---|---|
| Tear up the person's books/papers. | (✗) |
| Shout at the person who made us angry. | (✗) |
| Try to understand why we are angry. | (✓) |
| Go and sit somewhere alone till we feel better. | (✓) |

# 5. The North Wind

## तैयार हो जाओ

**इस भूलभुलैया के रास्ते लड़के को उसकी भेड़ तक पहुँचने में सहायता करिए।**

उत्तरी हवा एक लड़के को जादुई उपहार देती है जो हमेशा अदृश्य हो जाते हैं। वह अपने उपहार पुन: कैसे प्राप्त करता है? यह जानने के लिए यह कहानी पढ़िए।

एक दिन उत्तरी हवा ने एक लड़के को आटे से भरा हुआ थैला ले जाते हुए देखा। जैसे ही लड़का सड़क की ओर मुड़ा, उत्तरी हवा ने तेज हवा से उसके हाथ से आटे का थैला उड़ा दिया और दूर तक पहुँचा दिया।

''ओ उत्तरी हवा!'' लड़का गुस्से से चिल्लाया। उसने उत्तरी हवा का उसके घर तक पीछा किया।

''हमारे पास आटे का केवल एक ही थैला था जिसे तुमने छीन लिया।'' उसने उत्तरी हवा से कहा—''अब मेरी माँ रात के खाने में क्या पकायेगी? मैं बहुत भूखा हूँ।''

इस पर उत्तरी हवा बहुत शर्मिंदा हुई तथा उसने अपनी शैतानी को सुधारने की कोशिश की।

''यह मेजपोश लो। जब भी तुम इसे किसी मेज पर बिछा दोगे तो तुम जो भी खाने की इच्छा करोगे, तुम्हें वह चीज मिल जायेगी।'' हवा ने कहा।

''चलो ठीक है!'' लड़के ने कहा और उसने मेजपोश लिया और अपने घर की ओर चल दिया। फिर भी वह उत्तरी हवा का पीछा करते हुए काफी दूर तक आ गया था। अँधेरा बढ़ता जा रहा था।

''आज रात में किसी धर्मशाला में रहूँगा।'' उसने सोचा।

लड़के ने धर्मशाला के एक कमरे में प्रवेश करते ही मेजपोश को एक मेज पर बिछाकर आदेश दिया—''फलियाँ, रोटी एवं माँस!'' जादुई रूप से सारा भोजन मेज पर आ गया। लड़के ने पेटभर भोजन किया और सोने चला गया।

धर्मशाला के दुष्ट प्रबंधक ने खिड़की से यह सेब देख लिया। देर रात्रि में, गहरी नींद में सोते हुए लड़के के मेजपोश को उसने चुपके से चोरी कर लिया। अगली सुबह लड़के को पुनः तेज भूख लगी। लेकिन वहाँ पर मेजपोश नहीं था इसलिए नाश्ता भी नहीं हुआ।

लड़का वापिस उत्तरी हवा के पास पहुँचा और शिकायत करते हुए कहा—''उत्तरी हवा! तुम धोखेबाज हो। तुमने अपना मेजपोश वापिस ले लिया।''

''नहीं! मैं इस प्रकार कोई काम नहीं करती हूँ।'' उत्तरी हवा ने कहा। लेकिन में इस बार तुम्हें एक भेड़ दूँगी।''

उसने कहा—''हर बार जब तुम इस भेड़ की ऊन को रगड़ोगे, इसके मुँह से सोने का एक सिक्का गिरेगा। इसकी अच्छी देखभाल करना।''

लड़का वापिस दौड़ा और उसने धर्मशाला के पीछे अस्तबल के पास में एक भेड़ मिली। उसने भेड़ के गले में बँधी रस्सी से पकड़कर उसे धीरे-धीरे धर्मशाला की सीढ़ियों पर चढ़ते हुए अपने कमरे में ले आया।

अब लड़के को बहुत भूख लग रही थी क्योंकि फिर से रात हो गई थी। अतः उसने भेड़ को उसकी पीठ पर थपथपाया। भेड़ ने अपने मुँह को नीचे किया एवं सोने का एक सिक्का गिरा दिया।

''बूढ़ी उत्तरी हवा, तुम बहुत अच्छी हो।'' लड़के ने कहा। उसने प्रबंधक को अपने ठहरने एवं रात के खाने के लिए सोने का सिक्का दिया।

उस रात वह भेड़ को अपने सिरहाने रखकर गहरी नींद सो गया। जब लड़का सुबह जागा तो उसका सिर फर्श पर था और भेड़ वहाँ से गायब थी।

उसने इसके लिए फिर उत्तरी हवा को दोषी ठहराया—''तुमने अपनी भेड़ वापिस ले ही ली।''

उत्तरी हवा ने कुछ नहीं कहा। उसने विचित्र सी दिखने वाली एक छड़ी को एक थैले में रखकर उस लड़के को दे दिया। उसने लड़के से वापिस जाने और रात में दरवाजा अच्छी तरह से बंद करने को कहा।

रात में लड़के की नींद एक चीखें सुन कर खुली। उसने अपनी आँखें तो खोली तो पाया कि प्रबंधक कमरे में चीखता हुआ इधर–उधर दौड़ रहा है छड़ी उसका पीछा करते हुए उसे पीट रही थी।

''बचाओ–बचाओ!'' प्रबधंक चिल्लाया।

लड़के को तुरंत अहसास हो गया कि प्रबधंक ने ही उसके उपहारों को चुराया है।

''मेरी भेड़ मुझे वापिस करो।'' लड़के ने कहा।

''बाहर छज्जे के नीचे छिपा रखी है जाकर ले लो।'' प्रबधंक ने कहा।

''मेरा मेजपोश वापिस करो।'' लड़के ने कहा।

''रसोई में है, जाकर ले लो।'' प्रबधंक चीखता हुआ बोला।

लड़का बाहर गया और बाहरी छज्जे के नीचे से अपनी भेड़ एवं रसोई में से अपना मेजपोश ले लिए। वह अपने कमरे में वापिस आया।

''इस छड़ी को मुझे पीटने से रोको। इसे रोको।'' उसने कहा। छड़ी रुक जाती है एवं उछलकर बैग में घुस जाती है। लड़का थैला एवं मेजपोश उठा लेता है।

तत्पश्चात् भेड़ को रस्सी से पकड़कर चलता हुआ वह अपने घर चला गया तथा उसके बाद सुख के साथ रहा।

## Creative Exercise

### TEXTUAL STUDY

**A. Answer the following questions :**

**1.** The boy was carrying the bag of flour.
**2.** The North Wind blew away the bag of flour.
**3.** The boy followed the North Wind because he was angry at it for blowing away his bag of flour.
**4.** In the inn, the boy ordered beans, bread and meat.
**5.** The sly innkeeper stole the tablecloth.
**6.** The next time, the North Wind gave the boy a ram.
**7.** When the boy rubbed its wool, the room dropped a piece of gold.
**8.** Third time, the North Wind gave the boy a queer-looking stick.

**B. Tick (✓) the correct option :**

**1.** (b) flour, **2.** (a) supper,
**3.** (c) tablecloth, **4.** (d) a piece of gold,
**5.** (a) stick.

**C. Write True or False :**

**1.** False, **2.** False, **3.** True, **4.** False, **5.** True.

### VOCABULARY SKILL

**D. Your teacher will read aloud the given words twice. Now, repeat the words :**

Do it yourself.

## Comprehensive Exercise

### GRAMMAR SKILL

**A. Now supply *a, an* and *the* where required :**

**1.** a, **2.** a, **3.** the, **4.** the, **5.** a, **6.** a, **7.** an, **8.** the, **9.** an, **10.** the.

**B. Study the following picture and find out the doing verbs :**

**1.** flying, **2.** playing, **3.** jumping, **4.** riding, **5.** sitting, **6.** eating, **7.** talking, **8.** swinging.

**D. Work with your friend. Make simple statements and let your friend give suggestions :**

**You :** I am hungry.

**Friend :** You should have a banana.

**You :** I am sleepy.

**Friend :** You must wash your face.

**Read this riddle about a rabbit.**

I am a tall animal.
I have a long neck.
I have four legs.
I have brown spots on any body.
I like to eat leaves.

# High Flyer (Read for Fun)

मैं सबसे ऊँचे पेड़ों से भी ऊपर उड़ती हूँ।
मैं न तो पक्षी हूँ, न ही हवाई जहाज हूँ।
मेरे न तो पंख हैं, न ही पक्षियों जैसे पर हैं।
मुझे बारिश पसंद नहीं है।
मैं गुजरते हुए बादलों के बीच खेलती हूँ।
मुझे ऊपर उठना एवं हवा में तैरना पसंद है।
मैं एक दोस्त हूँ जिसे हवा पसंद है।
मैं आकार में बड़ी हूँ और मेरे एक पूँछ है।
मुझे मार्च महीने की तेज हवा पसंद है।
मुझे बहुत ऊँचाई तक उड़ना पसंद है।
मेरा आकार एक हीरे की तरह है।
मैं एक बिल्कुल नई पतंग हूँ।

*—चार्ल्स जिग्ना*

## Creative Exercise

### TEXTUAL STUDY

**A. Answer the following questions :**

**1.** The kite flies above the tallest trees.

2. The kite does not like rain.
3. The kite has a big tail.
4. The kite does not have wings or feathered things.
5. The poet refers to the month of March as gusty because in this season, the wind blows hard and fast.

**B. Complete the sentences to find out what the poem is about :**

1. It flies above the tallest trees, but it's not **a bird or plane.**
2. It has no wings and does not like **the rain.**
3. It likes to play among **the passing clouds** and rise and sail in the air.
4. It loves the wind and has **a long tail.**
5. It loves the windy month of **March.**
6. Its shape is like **a diamond.**
7. The poet is talking about **a kite.**

### VOCABULARY SKILL

**C. There are some rhyming words in the poem. Add two words to each set :**

Do it youself

## Comprehensive Exercise

### LEARN WITH FUN

**B. What are the names of these things?**

**1.** bedsheet, **2.** butter, **3.** ball, **4.** cap, **5.** cake, **6.** tiger.

## Improvement Activities-2

**(Lesson 3, 4, 5)**

**A. Answer the following questions :**

1. Dadi made mint chutney.
2. They took the parrot to the bird hospital.
3. Misty decided to go back to the country because his life was safe and peaceful there.
4. The boy was carrying the bag of flour.
5. The kite had a big tail.

**B. Fill in the blanks :**

**1.** Sunday, **2.** Mr. Talk, **3.** cupboard, **4.** North, **5.** gold.

**C. Who said the following?**

**1.** Amma, **2.** Nikhil, **3.** Mickey, **4.** boy, **5.** North wind.

**D. Find out the proper nouns from the given sentences :**

1. Mary.
2. The cupboard was in the kitchen.
3. The lion was roaring in the jungle.

**4.** Our English teacher is a nice woman.

**5.** There were delicious things to eat at the party.

**E. Fill a an and the where required :**

**1.** a, **2.** a, **3.** the, **4.** the, **5.** An.

# 6. Morning Breakfast

## तैयार हो जाओ

**विभिन्न समय पर भोजन करते हुए एक परिवार की इन तस्वीरों को देखिए।**

राम्या को जैम, दूध एवं इडली के साथ टोस्ट खाती है......... लेकिन क्या उसने सुबह का नाश्ता कर लिया है? आइए पता करें।

अंजू एवं मंजू नाश्ता कर रही हैं। उन्हें स्कूल जाना है। छोटी राम्या बिस्तर में है। वह सोचती है कि वह घोड़े की सवारी कर रही है जबकि यह तकिया है।

अचानक, राम्या कुछ सूँघती है। वह अपने घोड़े से उतरती है और रसोई की ओर दौड़ती है। ''अच्छी खुशबू है। क्या मैं एक टोस्ट ले सकती हूँ?'' उसने अपनी माँ से पूछा।

राम्या की माँ उसे जैम के साथ टोस्ट देती है। यह मुलायम एवं मीठा है। राम्या को यह पसंद है।

अंजू और मंजू ने अपना नाश्ता कर लिया है। वे अपना स्कूलबैग उठाती है एवं राम्या को गुडबाय करती है। वे दोनों स्कूल जाती है। राम्या की माँ उसका सना हुआ चेहरा साफ करती हैं।

राम्या वापिस अपने बैडरूम में जाती है। उसका घोड़ा चला गया है। अब वह एक पहाड़ी बन गया था। पापा ने उसका बिस्तर का ठीक कर दिया था।

राम्या ताकिये पर चढ़ जाती है। अब वह ऐसा व्यवहार करती है जैसे वह ऊँट की सवारी कर रही हो। उसका ऊँट बहुत ऊँचा है। ऊँट का कूबड़ राम्या के पकड़ने के लिए एकदम ठीक है।

अचानक राम्या गिलास में चम्मच चलने की आवाज सुनती है।

माँ दादाजी के लिए कॉफी बना रही है।

राम्या अपने ऊँट से कूदकर नीचे उतरती है। ऊँट की सवारी करना बड़ा मुश्किल काम है, अत: वह अब दूध पीना चाहती है। वह पुन: रसोई की ओर दौड़ती है।

''माँ, मुझे थोड़ा दूध चाहिए, और क्या मैं दूध में एक बूँद कॉफी ले सकती हूँ?'' राम्या ने पूछा।

''ठीक है।'' माँ ने कहा।

अत: राम्या को थोड़ी कॉफी मिला हुआ दूध मिलता है। वह तुरंत उसे पी लेती है।

उसके चेहरे पर कुछ दूध लग जाता है। यह मूँछों की तरह दिखता है। माँ उसे साफ कर देती है।

शीघ्र ही पापा के ऑफिस जाने का समय हो जाता है। माँ उन्हें नाश्ता देती है। राम्या पापा की कुर्सी के बराबर में आकर बैठ जाती है।

''माँ, क्या मुझे भी एक इडली मिल सकती है?''

माँ राम्या को एक इडली देती है। पापा जल्दी से नाश्ता करते हैं और ऑफिस के लिए निकल जाते हैं।

माँ एवं राम्या वापिस मेज पर आते हैं। राम्या अपनी इडली थोड़ी चीनी के साथ खाती है। वह अपनी कुर्सी को आगे की ओर खिसकाती है जैसे कि वह रेलगाड़ी हो।

रेलगाड़ी 'छुक-छुक-छुक' चलती है।
राम्या की रेलगाड़ी अब दादी के सामने है। 'छुक-छुक-छुक', दादी अखबार पढ़ रही हैं।
'राम्या क्या तुम रेलगाड़ी पर हो? क्या तुमने नाश्ता कर लिया है?' दादी ने राम्या से पूछा।
''नहीं!'' राम्या ने कहा। ''मंजू और अंजू ने नाश्ता कर लिया। पापा ने भी नाश्ता कर लिया। मैंने अभी तक नाश्ता नहीं किया है।''
उसके बाद राम्या अपनी रेलगाड़ी माँ के पास लेकर जाती है।
''माँ!'' राम्या कहती है—''मैंने अभी तक नाश्ता नहीं किया है। प्लीज मुझे भी कुछ खाने के दो।''

## Creative Exercise

### TEXTUAL STUDY

**A. Answer the following questions :**

**1.** Ramya eats toast with jam and idli.
**2.** Anju and Manju are having their breakfast.
**3.** Mother gives Ramya toasts with jam.
**4.** Ramya pretends to play with her pillow and chair thinking them to be a horse, camel and train.
**5.** Grandmother is reading newspaper.

**B. Fill in the following sentences. Take help from the box :**

**1.** toast, **2.** breakfast, **3.** horse, **4.** Mother, **5.** bags, **6.** pillow, **7.** spoon, **8.** train.

**C. Who said the following?**

**1.** Ramya, **2.** Ramya, **3.** mother, **4.** Grandmother, **5.** Ramya.

**D. Write True or False :**

**1.** False, **2.** True, **3.** False, **4.** False, **5.** False, **6.** False, **7.** False, **8.** True.

### VOCABULARY SKILL

**E. Circle the things that Ramya ate in the breakfast :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (milk) | (toast) | (idli) | coffee |
| juice | dosa | sugar | tea |
| fruits | sambhar | (jam) | kheer |

**F. Match the columns :**

| **Column A** | **Column B** |
|---|---|
| A glass of | water |
| A box of | matches |
| A bunch of | flowers |
| A herd of | cows |
| A pack of | wolves |
| A sheet of | paper |

## Comprehensive Exercise

### GRAMMAR SKILL

**A. Answer the following questions and also discuss them in the class :**

**1.** There are seven people in Ramya's family.

Ramya, her two sisters Anju and Manju, her mother and father, her grandfather and grandmother.

Ramya is playing.

Her two sisters are having breakfast and are ready to go to school.

Mother is in the kitchen and making breakfast for all.

Ramya's father is getting ready for office and he is having his breakfast.

Her grandmother is reading newspaper.

Her grandfather is waiting for coffee.

**2.** Ramya prtended to play with her pillow and a chair.

**B. Underline the Adjectives and write them in the given space :**

**1.** boiled, **2.** the best, **3.** round, **4.** better, **5.** the highest, **6.** gentleman, **7.** big, **8.** beautiful, **9.** ripe, **10.** great.

### WRITING SKILL

**C. Here is an outline of *My Father* essay. Fill it in your own words :**

**1.** My father's name is Dr. P.K. Verma

**2.** He is a good man.

**3.** He is forty five years old.

**4.** He is very fit and healthy.

**5.** He teaches English literature.

**6.** He gets up early in the morning.

**7.** He cooks spicy rice.

**8.** He makes me get ready for school.

**9.** He performs very well.

**10.** I am proud of being his son/daughter.

**11.** He is a gentleman with a positive concept.

**12.** I respect and love him very much.

### ASSIGNMENT

**E. Write a short paragraph on the following topic :**

Pramod and Vinod are two friends. They play together. They eat icecream together. They study and do their homework together. They study in class III. Both are good students. They love and care for each other very much.

# Tommy's Five Senses (Read for Fun)

टॉमी के कान उसे सुनने में सहायता करते हैं,
और उसका संतुलन बनाये रखते हैं।
टॉमी की आँखें उसे देखने में सहायता करती हैं,
अगर कुछ लाल है या नीला है।
टॉमी के हाथ उसे स्पर्श करने में सहायता करते हैं,
एवं उसे महसूस कराते हैं कि वस्तुएँ कैसी हैं।
टॉमी की जीभ उसे स्वाद चखने में सहायता करती है,
जैसे नींबू खट्टा होता है।
टॉमी की नाक उसे सूँघने में सहायता करती हैं,
किस भोजन जो उसे खाना पसंद है।
टॉकी की इंद्रियाँ उसे सोचने,
निर्णय करने एवं सीखने में सहायता करती हैं,
टॉमी के पाँच इंद्रियाँ हैं, जैसा कि
उसकी यह तस्वीर दिखाती है।
टॉमी के सहायक हैं—कान, आँखें, हाथ, जीभ एवं नाक।

## Creative Exercise

### TEXTUAL STUDY

**A. Answer the following questions :**

**1.** Tommy has five helpers.

**2.** Tommy's helpers are his ears, eyes, hands, tongue, and nose.

**B. Write True or False :**

**1.** True, **2.** False, **3.** True.

### VOCABULARY SKILL

**C. Match the columns :**

| Column A | Column B |
|---|---|
| ears | hear |
| eyes | see |
| nose | smell |
| tongue | taste |

**D. Pick out rhyming pairs of words from the poem :**

**1.** ear, hear; **2.** feel, peel;
**3.** chew, do; **4.** shows, nose.

## Comprehensive Exercise

**READING SKILL**

**B. Your teacher will read out some sentences. Fill in the blanks with a suitable pronoun for each sentence that you hear :**

**1.** He, **2.** She, **3.** It.

# 7. The Sleeping Beauty

## तैयार हो जाओ

यह एक खूबसूरत राजकुमारी की सुन्दर कहानी है। उसके जन्मदिन पर उसके माता-पिता एक शाही भोज का आयोजन करते हैं, एवं सात भली परियों के साथ सभी महत्त्वपूर्ण लोगों को आमंत्रित करते हैं। वे सभी राजकुमारी को आशीर्वाद देते हैं लेकिन एक बिना बुलाई दुष्ट परी उसे सौ साल तक सोते रहने का अभिशाप देती है। तत्पश्चात् एक युवा एवं बहादुर राजकुमार वहाँ आता है और वह राजकुमारी के हाथ को चूमता है जिससे वह अभिशाप खत्म हो जाता है।

एक समय की बात है। पर्शिया में एक राजा था। उसकी पत्नी, रानी ने एक लड़की को जन्म दिया। राजा और रानी बहुत खुश थे। उन्होंने राजकुमारी के नामकरण संस्कार के समय एक शाही भोज देने का निर्णय किया।

इस विशाल भोज में राज्य के सभी महत्त्वपूर्ण व्यक्ति आंमत्रित थे। रानी की प्रार्थना पर सात भली परियाँ भी आमंत्रित थीं।

सभी मेहमान महल में एकत्र हो गए। उन्होंने राजकुमारी को कीमती उपहार प्रदान किये। सभी सातों परियों ने भी छोटी सी सुन्दर राजकुमारी को आशीर्वाद एवं एक-एक गुण प्रदान किया।

उनमें से एक ने कहा—''राजकुमारी दुनिया की सबसे खूबसूरत लड़की होगी।''

दूसरी ने कहा—''वह लार्क पक्षी की तरह सुर में गायेगी।''

तीसरी परी ने आशीर्वाद दिया—''उसमें फरिश्तों जैसी आत्मा होगी।''

चौथी ने कहा—''वह सर्वश्रेष्ठ नर्तकी होगी।''

पाँचवी ने भविष्यवाणी की कि वह सर्वश्रेष्ठ संगीतकार होगी।

छठी ने कहा—''वह बहुत शानदार होगी।''

जब सातवीं परी उसे आशीर्वाद देने वाली थी तभी अचानक वहाँ पर एक बूढ़ी एवं बदसूरत परी ने प्रवेश किया। वह गुस्से में थी क्योंकि उसे भोज के लिए आंमत्रित नहीं किया गया था। उसने गुस्से में चिल्लाते हुए कहा—''मैं राज्य में सबसे बूढ़ी परी हूँ लेकिन मुझे आमंत्रित नहीं किया गया।''

राजा और रानी शर्मिंदा हुए और उन्होंने उससे भोज में शामिल होने की प्रार्थना की। उसने कहा—''नहीं, मैं यहाँ पर नहीं रूकूँगी। लेकिन राजकुमारी को आशीर्वाद देने के बजाए मैं उसे श्राप देने जा रही हूँ। जब भी उसकी अंगुली में सुई चुभेगी, वह मर जायेगी।''

यह सुनकर सभी स्तब्ध रह गये। राजा और रानी ने उससे अपना श्राप वापिस लेने की प्रार्थना की। परी ने कहा—''महाराज! मैं अपने श्राप को पूरी तरह से खत्म तो नहीं कर सकती लेकिन मैं इसके असर को थोड़ा कम कर सकती हूँ। राजकुमारी मरेगी नहीं लेकिन वह गहरी नींद में सो जायेगी। केवल एक राजकुमार ही उसे नींद से जगा पायेगा।''

उसी समय राजा ने एक आदेश जारी कर राज्य में सूत कातने वाले चरखे पर प्रतिबंध लगा दिया। कई साल बीत गये। राजकुमारी एक खूबसूरत लड़की के रूप में बड़ी हो गई। एक बार राजा और रानी राजकुमारी को अपने एक ग्रीष्म महल में ले गये। राजकुमारी बहुत उत्साहित थी। वह उस बड़े किले में इधर-उधर दौड़ी। उसके बाद वह एक छोटे कमरे में चली गई।

आश्चर्यजनक! वहाँ पर एक बूढ़ी औरत चरखे पर सूत कात रही थी।

''तुम यहाँ क्या कर रही हो सज्जन महिला?'' राजकुमारी ने पूछा।

''क्यों? मैं एक कपड़ा बुन रही हूँ।'' बूढ़ी औरत ने कहा। वह राजा के आदेश के बारे में नहीं जानती थीं।

''अरे, यह तो बहुत अच्छा है। मैंने इसे पहले कभी नहीं देखा। मुझे देखने दो, मैं भी इसे चलाकर बुन कर देखती हूँ।'' राजकुमारी ने प्रार्थना की।

जैसे ही राजकुमारी ने तकुए को छुआ, उसकी सुई राजकुमारी की अंगुली में चुभ गई एवं राजकुमारी बेहोश हो गई। जब राजा और रानी ने यह देखा तो वे बहुत दुखी हुए।

साल बीतते गए। किले के चारों तरफ घना जंगल उग आया। एक दिन पड़ोसी राज्य का एक राजा उस काँटेदार जंगल से गुजर रहा था उसने किले की मीनार को देखा। उसने पास ही में काम कर रहे एक लकड़हारे से किले के बारे में पूछा।

''सच्चाई किसी को नहीं पता।'' लकड़हारे ने कहा—''मगर लोग कहते हैं कि वहाँ सालों से एक राजकुमारी सो रही है।''

युवा राजकुमार बहुत जिज्ञासु हुआ। सोती हुई राजकुमारी को देखने की इच्छा के साथ उसने महल में प्रवेश किया और राजकुमारी की खूबसूरती से चकित हो गया। वह उसके नजदीक गया और उसे हाथ को चूम लिया। जैसे ही उसने राजकुमारी को छुआ, सोती हुई राजकुमारी जाग गई। शीघ्र ही राजकुमार और उस सोती सुन्दरी का विवाह हो गया एवं वे कई सालों तक सुख से रहे।

## Creative Exercise

### TEXTUAL STUDY

**A. Answer the following questions :**

**1.** The queen gave birth to a daughter.

**2.** All the important people of the kingdom alongwith the seven good fairies were invited to the grand banquet.

**3.** The seven good fairies blessed the princess for her bright future.

**4.** The old fairy was angry because she was not invited for the grand banquet.

**5.** The old fairy cursed the princess that whenever she pricked her finger on a needle, she would die.

**6.** Immediately, the king issued an order prohibiting the use of spinning wheels and spindles in the kingdom.

**B. Tick (✓) the correct option :**

**1.** (c) The king, **2.** (c) The king and the queen, **3.** (a) Third fairy, **4.** (c) wicked old fairy, **5.** (c) The young prince, **6.** (d) kissed her hand.

**C. Fill in the blanks :**

**1.** banquet, **2.** predicted, **3.** old fairy, **4.** undo, **5.** beautiful.

**D. Who said the following?**

**1.** First fairy, **2.** Fourth fairy, **3.** Old wicked fairy, **4.** Woodcutter, **5.** Third fairy.

### VOCABULARY SKILL

**E. Match the columns :**

**(i)**

| Column A | Column B |
|---|---|
| banquet | a grand feast |
| predict | to tell about the future |
| apologies | to beg to be excused |
| precious | very valuable |
| curious | eager to know |
| fascinated | charmed |

**(ii)**

| Column A | Column B |
|---|---|
| thick | dense |
| entered | went inside |
| determined | firm decision |
| ritual | a ceremony |
| attractive | pretty |
| fiercely | very angrily |

## Comprehensive Exercise

### GRAMMAR SKILL

Do it yourself.

**A. Rewrite the following sentences. Use pronouns in place of nouns where these are required. One has been done for you :**

**2.** We live in this town. It is very small.
**3.** Alia is a good actress. She acts in Indian cinema.
**4.** I go to school by my cycle. It is blue in colour.
**5.** Mr. Singh will not help you. He will give you nothing.
**6.** I have a mobile phone. It is very expensive.
**7.** Shivam is a smart boy. He lives in this house.
**8.** Mrs. Gupta is a nice woman. She is my mother.
**9.** She has a pen. It is green.
**10.** The donkeys are in the field. They are braying.

**C. Complete the crossword with the opposites of given words and write them in the space given below :**

**1.** strong, **2.** true, **3.** come, **4.** take, **5.** cold, **6.** tight, **7.** evening.

## SPEAKING SKILL

**F. A telephonic conversation is given below. Practise it with your friend :**

एक टेलीफोन वार्ता नीचे दी गई है। अपने मित्र के साथ इसका अभ्यास करो।

**टेलीफोन-वार्ता**

**हिमानी :** हेलो! गुड मॉर्निंग। मैं हिमानी हूँ।

क्या मैं मैनेजर से बात कर सकती हूँ?

**मैनेजर :** बोल रहा हूँ। मिस० हिमानी, मैं आपकी क्या सहायता कर सकता हूँ?

**हिमानी :** मैं आपके बैंक में एक खाता खोलना चाहती हूँ। क्या आप इस प्रक्रिया के बारे में बतायेंगे?

**मैनेजर :** यह तो बहुत सरल है। आपको एक प्रार्थना-पत्र फार्म को भरना होगा जिसमें आपको अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे नाम, उम्र, पता, व्यवसाय, टेलीफोन नंबर एवं एक तस्वीर वाला पहचान-पत्र देना होगा।

**हिमानी :** क्या मुझे फोटोग्राफ की भी जरूरत है?

**मैनेजर :** जी हाँ। इसकी जरूरत है। दो पासपोर्ट आकार के फोटो चाहिए। और आपको अपना फोटो पहचान-पत्र भी देना होगा।

**हिमानी :** क्या आप मुझे इसे समझायेंगे?

**मैनेजर :** आपका आधार कार्ड आपकी पहचान का सबूत है।

**हिमानी :** ओके। मैं कब आ सकती हूँ?

**मैनेजर :** दिन में 10 से 2 बजे के बीच में कभी भी। बैंक सप्ताह में छह दिन खुलता है। मैं आपको बैंक में उपलब्ध सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दे दूँगा।

**हिमानी :** धन्यवाद। खाता खोलते समय कम से कम कितना धन जमा करना होगा?

**मैनेजर :** जी हाँ। खाता खोलने के लिए एक हजार रुपये निर्धारित है।

**हिमानी :** आपका धन्यवाद। मैं कल सुबह साढ़े दस बजे आऊँगी।

**मैनेजर :** ठीक है। आपका स्वागत है।

**G. Work in pairs. Take turns to put the words in order and say the sentences aloud. Your friend should then frame a new sentence using the adverb in your sentence :**

**You :** I never cross a road alone.

**Friend :** I never play on the road.

**You :** The children move slowly in a line.

**Friend :** Boy, cross the street carefully.

**You :** It is so hot outside.

**Friend :** It is raining heavily outside.

**You :** Rosie finished her project quickly.

**Friend :** Tom did his work fast.

**LIFE SKILL**

**H. The sun gives us heat. This heat is also called solar energy. Solar energy saves electricity and reduces pollution. Tick (✓) the activities that use solar energy :**

**1.** (✗), **2.** (✓), **3.** (✓), **4.** (✗).

## Improvement Activities-3

**(Lesson 6, 7)**

**A. Answer the following questions :**

**1.** Ramya eats toast with jam, milk and idli.

**2.** Ramya pretends to play with her pillow and chair thinking them to be a as horse, camel and train.

**3.** Tommy has five helpers.

**4.** All the important people of the kingdom were invited to the grand banquet.

**5.** The seven good fairies blessed the princess for her bright future.

**B. Tick (✓) the correct option :**

**1.** (a) newspaper, **2.** (b) horse, **3.** (a) Third fairy, **4.** (c) Wicked old fairy, **5.** (c) tongue.

**C. Who said the following?**

**1.** Ramya, **2.** Grandmother, **3.** Ramya, **4.** The old fairy,
**5.** Woodcutter.

**D. Underline the adjectives and write it in the given space :**

**1.** best, **2.** round, **3.** better, **4.** highest, **5.** big.

**E. Write True or False :**

**1.** False, **2.** True, **3.** True, **4.** False, **5.** True.

# 8. Foody Dinosaur

## तैयार हो जाओ

**यहाँ कुछ डायनासोर दिए गए हैं। उनकी विशेषताओं से उनका मिलान करिए।**

1. यह आकाश में उड़ सकता था।
2. इसके बड़े-बड़े दाँतों वाला एक बड़ा जबड़ा था।
3. इसकी गर्दन बहुत लंबी होती थी।
4. यह सबसे खतरनाक डायनासोर था।

एक दिन सैम को एक बड़ा अंडा मिलता है। क्या होता है जब अंडे से बच्चा निकलता है?

एक सुबह सैम स्कूल जा रहा था कि एक ट्रक लड़खड़ाता हुआ उसके पास से गुजरा। सड़क में एक उभार पर ट्रक को झटका लगा और उसमें से एक डिब्बा गिर पड़ा। डिब्बा खुल गया लेकिन ट्रक बिना रुके सड़क पर चलता गया एवं शीघ्र ही आँखों से ओझल हो गया।

टूटे हुए बॉक्स से एक बड़ा अंडा निकल पड़ा। क्या अंडा था! वह सैम जितना ही बड़ा था और जब उसने अंडे को धकेला तो यह लुढ़कने लगा। वह अंडे को धकेलते हुए स्कूल ले आया।

''इसे चटाई पर रख दो।'' सैम की शिक्षिका मिसेज हैटफील्ड ने कहा। जैसे ही सैम ने अंडे को मेज पर धकेला, उसने देखा कि अंडा चटका हुआ है।

तभी उसने अंडे में से टैप-टैप-टैप-चिप-चिप-चिप की आवाज आती हुई सुनी। टूटा हुआ अंडा खुल गया और अंत में पूरा टूट गया। टूटे हुए अंडे में से एक बंडल सा निकला। बंडल ने स्वयं को सीधा किया और बैठकर मुस्कुराया। यह एक सुन्दर छोटा डायनासोर था।

यह सैम के जीवन का सबसे सुखद पल था। उसने डायनासोर की पीठ थपथपाई और कहा—''तुम्हारा नाम क्लेरैंस है।''

मिसेज हैटफिल्ड ने बच्चों से कहा—''अब हमारे पास अपना डायनासोर है। वह स्कूल में रह सकता है।''

क्लेरैंस को स्कूल में रहना तथा बच्चों के साथ खेलना पसंद था। बच्चे उसकी पीठ पर चढ़ते और नीचे फिसलते थे। वे उसके चारों ओर लुकाछिपी का खेल खेलते थे। जब बारिश होती तो बच्चे डायनासोर के नीचे खड़े हो जाते।

सबसे पहले क्लेरैंस ने स्कूल के गार्डन में उगी घास को खाया। जैसे वह बड़ा होने लगा, उसे अधिक भोजन की आवश्यकता पड़ने लगी। वह खेल के मैदान में उगे पेड़, फूल और घास को खा गया। खेल के मैदान में अब कुछ नहीं बचा। अंत में, क्लेरैंस इतना बड़ा हो गया कि वह स्कूल के मैदान में फिट नहीं आता था। वह आस-पड़ोस की भी सारी हरियाली को खा गया था।

एक दिन क्लेरैंस स्कूल से बाहर पर लेटा झपकी ले रहा था और उसकी पूँछ स्कूल के गेट के अंदर थी। उसकी पूँछ थोड़ी सी हिली और कूड़े के डिब्बे में उलट-पलट करने लगी और उसने कूड़ा डिब्बे से बाहर गिरा दिया। क्लेरैंस ने कूड़े को चखा और मुस्कुराया। यह बहुत स्वादिष्ट था। शीघ्र ही वह सारा कूड़ा खा गया।

''अब हम जान गये हैं कि क्लेरैंस को कहाँ से भोजन मिल सकता है। वह सारा कूड़ा खा सकता है।'' सैम ने मिसेज हैटफिल्ड से कहा।

''क्लेरैंस लगातार बड़ा हो रहा है।'' मिसेज हैटफिल्ड ने कहा। ''अब उसे एक इतने बड़े घर की जरूरत है, जहाँ उसे हमारे स्कूल से अधिक कूड़ा खाने को मिल सके।''

उन्होंने एक पल सोचा फिर कहा—''मैं एक ऐसी जगह को जानती हूँ जहाँ पर उसे अधिक जगह और अधिक भोजन मिल सकता है।''

''कहाँ?'' सैम ने पूछा।

''कूड़ाघर'' मिसेज हैटफिल्ड ने कहा। ''नगर पालिका परिषद क्लेरैंस को कूड़ा खिलाना पसंद करेगी।''

उन्होंने सही कहा था। नगर पालिका परिषद के लोग कूड़ाघर में क्लेरैंस के लिए घर बनाने को लेकर खुश थे।

क्लैरेंस अब एक सुनसान हरी-भरी पहाड़ी पर रहता है। प्रतिदिन बड़े ट्रक पूरे शहर का कूड़ा एकत्र करते और उसे कूड़ाघर पर ले जाते हैं जिससे क्लैरैंस स्वादिष्ट भोजन करता है।

अब पत्तियाँ, घास और फूल पुन: उग गये। पूरा शहर साफ एवं सुन्दर था तथा कहीं पर भी तिनका भर कूड़ा नहीं था। क्लैरेंस दुनिया का सबसे सुखी डायनासोर है।

—***विन्सम स्मिथ***

## Creative Exercise

### TEXTUAL STUDY

**A. Answer the following questions :**

**1.** On the way to his school, Sam found a big egg.

**2.** He took the big egg to his class.

**3.** A baby dinosaur came out of the egg.

**4.** Clarence was the name given to the baby dinosaur.

**5.** The baby dinosaur nibbled the trees, the flowers and the grass in the school garden.

**6.** A home was required for the baby dinosaur because it grew bigger in size.

**7.** The City Municipal Council people were happy to make a home for the baby dinosaur.

**B. Fill in with correct words from the box :**

**1.** egg, **2.** truck, **3.** crack, **4.** dinosaur, **5.** happiest, **6.** clarence, **7.** plenty.

**C. Write True or False :**

**1.** True, **2.** False, **3.** True, **4.** True, **5.** True.

### VOCABULARY SKILL

**D. Complete the words using letters from the box :**

**1.** tw**itch**ed, **2.** Sma**shed**, **3.** dino**saur**, **4.** nib**bled**, **5.** g**row**ing, **6.** sp**ill**ing

**Complete this word puzzle using the clues :**

**1.** Pen, **2.** Mango, **3.** School, **4.** Snacks, **5.** Today, **1.** Playground, **3.** Sunday **6.** Cock, **7.** Son

## Comprehensive Exercise

### GRAMMAR SKILL

**A. Fill in the blanks with adjectives from the box that mean the same as the words in bold :**

**1.** tidy, **2.** cheerful, **3.** beautiful, **4.** dump, **5.** clever, **6.** tiny.

**B. These sentences tell you what the characters were doing at a particular time. Change these sentences as shown :**

**2.** Grandmother walked in.

**3.** They stared at the storeroom.

**4.** The neighbour slipped away.

**5.** Papa entered the room.

**6.** Amma ran towards him.

**C. Later, if you want to tell someone what happened, how would you change the sentences? Do as shown :**

**2.** Grandmother is walking in.

3. They are staring at the storeroom.
4. The neighbour is slipping away.
5. Papa is entering the room.
6. Amma is running towards him.

**SPEAKING SKILL**

**F. Say the word *cube* aloud. The long *u* sound is spelt with a *u* in the middle and an *e* at the end. Fill in the blanks to complete the words :**

**1.** bl**ue**, **2.** mu**t**e, **3.** t**u**n**e**, **4.** t**u**be, **5.** gl**ue**, **6.** c**u**t**e**.

**LIFE SKILL**

**G. Imagine you have a pet. It has hurt itself. Tick (✓) the things that you would do to help it :**

| | |
|---|---|
| Wash its wounds | (✓) |
| Take it to a hotel | (✗) |
| Give it clean food and water. | (✓) |
| Take it to a net. | (✗) |
| Give it some first aid. | (✓) |

# The Boats (Read for Fun)

नदी गहरी भूरी है।
रेत सुनहरा है।
यह नदी सदैव ऐसे ही बहती है।
हरी पत्तियाँ बह रही हैं।
झाग के किले बह रहे हैं।
अन्य बच्चों की तरह मैंने कागज की नाव बनाकर पानी में उतार दी है।
नाव नदी में बह रही है।
यह घर कब आएंगी?
नदी चलती रहती है,
लकड़ी के कारखाने के पास से बहती है,
घाटी से व पहाड़ी से नीचे बहती हुई,
नदी बहती जाती है,
सैकड़ों मील दूर तक।
मेरी तरह ही दूसरे छोटे बच्चे,
मेरी नावों को घर ले आएँगे।

## Creative Exercise

**A. Answer the following questions :**

1. Golden is the colour of the sand.

2. The trees are on the other side of the river.
3. Castles are made of foam.
4. Other little children will bring the poet's boat.

**B. Fill in the blanks with words from the box :**

**1.** brown, **2.** trees, **3.** castles, **4.** mill, **5.** boats.

**VOCABULARY SKILL**

**C. Match the rhyming words :**

| A | B |
|---|---|
| sand | hand |
| river | ever |
| foam | home |
| mill | hill |
| more | ashore |

## Comprehensive Exercise

**GRAMMAR SKILL**

**A. Look at the ahead picture and fill in the blanks with suitable prepositions from the box :**

**1.** on, **2.** beside, **3.** behind, **4.** of, **5.** above, **6.** from.

# 9. New Friend

## तैयार हो जाओ

दोस्तों के साथ बहुत आनन्द आता ह। हम खेल खेलते हैं, बातें करते हैं, खाते हैं, डांस करते हैं, चित्र बनाते हैं, पढ़ते हैं एवं कभी-कभी रात में भी साथ रहते हैं।

आप अपने दोस्तों के साथ क्या करते हैं? तीन दोस्तों के नाम लिखिए। जो तीन गतिविधि आप उनके साथ करना चाहते हो, यहाँ लिखिए।

कक्षा का पहला दिन था। सभी बहुत उत्साहित थे, लेकिन गिन्नी उदास थी। उसकी प्रिय दोस्त गुनगुन ने स्कूल छोड़ दिया था।

**गिन्नी**—मैं गुनगुन को वास्तव में बहुत याद करती हूँ। हमने एक साथ कितना आनन्द लिया। मैं अन्य किसी से बातें करना पसंद नहीं करती।

उनकी कक्षा अध्यापिका मिस निशा अंदर आती हैं।

**मिस निशा**—गुड मार्निंग बच्चों! हमारी कक्षा में नई छात्रा आई है। कृपया अपना परिचय दो।

सभी एक नई लड़की को देखकर बहुत खुश थे।

**तान्या**—हैलो! मेरा नाम तान्या है। मैं सिंगापुर से आई हूँ। स्कूल में आज मेरा पहला दिन है।

एक लड़की—हैलो तान्या!

**मिस निशा**—भारत में तुम्हारा स्वागत है, तान्या। एक भारतीय स्कूल में पढ़ना तुम्हें कैसा महसूस होता है?

**तान्या**—मैं भारत में बहुत खुश हूँ। लेकिन मेरा कोई दोस्त नहीं है।

मिस निशा तान्या को देखकर मुस्कुराती हैं।

**मिस निशा**—चिन्ता मत करो। तुम यहाँ भी मित्र बना सकते हो। गिन्नी तुम क्यों नहीं तान्या का परिचय सभी से कराती हो?

**गिन्नी**—जी हाँ मैडम, ऐसा करके मुझे खुशी होगी।

लंच ब्रेक के समय गिन्नी तान्या को लेकर स्कूल का एक चक्कर लगाती है।

**तान्या**—हैलो गिन्नी! यह स्कूल तो बहुत बड़ा है। सिंगापुर में मेरी कक्षा में केवल 20 छात्र थे।

**गिन्नी**—तान्या, मुझे अपने सिंगापुर के स्कूल के बारे में बताओ।

कुछ दिनों के बाद गिन्नी एवं तान्या अच्छे दोस्त बन गये।

**गिन्नी**—अब तुम्हें यह स्कूल कैसा लगता है?

**तान्या**—सभी कुछ मेरे लिए भी नया है, लेकिन मैं यहाँ पर आकर बहुत खुश हूँ। मैं संगीत एवं डांस कक्षाओं का आनन्द लेती हूँ। मैंने पहले ही कुछ दोस्त बना लिए हैं।

वे अपना लंच शेयर आपस में बाँटती हैं।

**गिन्नी**—मुझे खुशी है कि तुम हमारे स्कूल में आईं। अब मैं अपने दोस्त गुनगुन को कम याद करती हूँ। आओ लंच करते हैं। मेरे पास कुछ पराठें हैं।

**तान्या**—यम्मी! मैं पास्ता और कुछ फल लाई हूँ।

**गिन्नी**—आओ खाते हैं।

## Creative Exercise

### TEXTUAL STUDY

**A. Answer the following questions :**

1. The class teacher's name was Ms. Nisha.
2. Tanya was worried because she did not have any friends.
3. Ginni's new friend was Tanya.
4. Tanya loved dance and music classes in the school.
5. Ginni had brought some parathas for lunch.
6. Tanya's tiffin box contained pasta and some fruits.

**B. Complete these sentences :**

1. The class was excited because **it was the first day of the class.**
2. Ginni was sad because her **best friend Gungun had left the school.**
3. The new girl, Tanya, had come from **Singapore.**
4. The teacher asked Ginni to **introduce Tanya to everyone.**
5. Tanya enjoyed **pasta, fruits and paranthas.**

**C. Number these sentences in the correct order :**

1. Everyone was excited to be in the new class.
2. Ginni was feeling sad.

3. She was missing her friend Gungun.
4. A new girl joined their class.
5. Ms Nisha asked Ginni to introduce Tanya to everyone.

**D. Discuss in class :**

1. Yes, it is very important have friends as we can share our joys and problems with them.
2. Sharing our lunch box is the best way to make friends.
3. We enjoy playing with our friends.

## VOCABULARY SKILL

**F. Find five words related to school in this wordsearch :**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| S | T | E | O | B | W | S |
| T | M | U | S | I | C | T |
| U | D | A | W | C | E | U |
| D | T | B | A | C | F | D |
| E | P | L | A | Y | Q | Y |
| N | B | O | O | K | S | P |
| T | E | A | C | H | E | R |

**G. Now add an *e* at the end of each of these words. Read them aloud :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| pine | hate | huge | ate |
| tone | made | tape | tube |
| kite | note | cube | dine |

## Comprehensive Exercise

## GRAMMAR SKILL

**A. Complete these sentences in your own words :**

**1.** Ginni verma, am a girl; **2.** English; **3.** 5 January, 2007; **4.** love me very much; **5.** enjoy with the school friends.

**B. Rearrange these words to make sentences. Remember to begin with capital letters and end with a full stop :**

1. I live at Delhi Road in Meerut.
2. My father is a teacher.
3. My sister's name is Ginni.
4. We play together.
5. I study in Modi Public School.

**C. Work with a friend. Choose words from each column and make sentences. You may add words of your choice to complete the sentences :**

| Naming Words | Doing Words | Sentences |
|---|---|---|
| Ginni | looks | 1. beautiful. |
| The bicycle | is | 2. red in colour. |
| Her brother | rides | 3. Ginni rides her bicycle every day. |
| Her elde sister | cooks | 4. food. |
| The weather | has | 5. some chill. |

## LISTENING SKILL

**D. Listen to your teacher read out some sentenecs. Write *True* or *False* :**

**1.** True, **2.** False, **3.** False, **4.** True, **5.** True.

## WRITING SKILL

**E. Fill in the blanks with words from the box to trace the route that the took :**

**1.** left, **2.** First, reached, **3.** Then, turned, **4.** along, **5.** down, **6.** another, **7.** Finally.

## SPEAKING SKILL

**F. What do you think is happening in these pictures? Take turns with your friends to describe each scene. You may begin like this :**

**1.** There is a traffic jam. The traffic policeman is doing his duty. We should follow his instructions. There are a motor van, a school bus, two cars and a motorcycle. There are three lights to indicate traffic signals.

**2.** This is sea beach. There is a ship in the sea. Some children are playing with a football. A girl is swimming in the sea. Another girl is drinking coconut water. Yet another girl is making a sand castle. A man is selling balloons.

## CONVERSATION SKILL

Do yourself.

**H. Have a similar conversation with your friend. Use these words and phrases :**

Today is Rosie's birthday.

**George :** Wish you a very happy birthday, Rosie!

**Rosie :** Thanks a lot!

**Tom :** Happy birthday!

**Rosie :** Thanks a lot!
**Henry :** Many happy returns of the day!
**Rosie :** You are welcome, Henry.

### LIFE SKILL

**I. Your friend Gungun is worried because he has not done well in his test. How will you help him? Tick (✓) the options you would choose :**

Tell him that marks are not important. (✓)
Tell him not to worry and relax. (✓)
Let him copy your answers next time. (✗)
Study for the next test together. (✓)
Ask him to work harder. (✓)

### CHECK IT OUT

**J. Write these words in alphabetical order :**

**1.** money, mountain, orange, window, shop
**2.** bottle, ink, lamp, pearl, thief.

### MORAL

**Fill in the blanks with the words *friendship* and *a gift*, in the order that seems right to you :**

**Friendship** is more important than **a gift.**

# 10. A Tiger in the Storeroom

## तैयार हो जाओ

इस चित्र में कुछ बड़ी बिल्लियाँ (शेर) हैं। उन्हें पहचानिए और उनके नाम लिखिए। बॉक्स की सहायता लीजिए।

शेर—टाईगर—तेंदुआ—चीता—जगुआर

**शिक्षक के लिए**—शिक्षक बड़ी बिल्लियों के अंतर के बारे में छात्रों को बताएँ।

जोड़ों में काम करिए। चित्रों की सहायता से प्रत्येक छात्र बारी-बारी से एक-दूसरे को यह कहानी सुनाइए।

**पात्र-परिचय**

लड़की : रेखा
लड़का : रोहित
माँ : अम्मा
पिता : पापा, रमेश
दादी माँ : दादी
दादाजी : दादा
पड़ोसी, एक व्यक्ति, एक महिला, एक लड़की, एक लड़का

## दृश्य : 1

पर्दा खुलता है और एक कमरा दिखता है। एक लड़का मंच पर बायें से दायें तेजी से चहलकदमी कर रहा है। वह नहीं देख रहा कि किधर जा रहा है एवं दायीं ओर से आ रही लड़की से टकरा जाता है।

**रेखा**—उफ! रोहित! तुम देखकर क्यों नहीं चलते?

**रोहित**—रेखा! रेखा! वहाँ पर कुछ है! स्टोररूम के बाहर! (बायीं ओर संकेत करता है)

**रेखा**—(डरी हुई) वह क्या है? क्या वह कोई छिपकली है? ओह, क्या वह साँप है?

**रोहित**—न तो साँप है एवं न ही छिपकली है।

**रेखा**—तो! वह क्या है? मुझे बताओ रोहित!

**रोहित**—मैं—मैं नहीं जानता कि वह क्या है? लेकिन मुझे नींद आ गई थी और तब मैंने कुछ आवाज सुनी।

**रेखा**—तुमने ये आवाज कहाँ सुनी? (बायीं ओर देखती है)

**रोहित**—वहाँ पर... अंदर...

**रेखा**—स्टोररूम में? अम्मा हमेशा दरवाजा बंद रखती हैं। वहाँ क्या घुस सकता है?

**रोहित**—इसकी आवाज ऐसी थी..जैसे कुछ—चारों तरफ घूम रहा हो।

**रेखा**—(परेशान होकर) अम्मा वहाँ पर चावल और दाल एवं गुड़ रखती है...ओह (वह अपने मुँह पर अपना हाथ रखती है..उसकी आँखें चौड़ी हो जाती हैं।)

**रोहित**—क्या?

**रेखा**—(धीमे से) अम्मा ने आज थोड़ी खीर बनाई है।

(रूकती है) मैंने उन्हें उसे स्टोररूम में रखते हुए देखा है!

**रोहित**—(अजीब सी ऊँची आवाज में) मूर्ख मत बनो। खीर खाने के लिए स्टोररूम में कौन घुसा होगा?

**रेखा**—(गुस्से में) यह मूर्खता नहीं है। बहुत लोग खीर खाना पसंद करते हैं।

उसी पल उनकी माँ वहाँ पर आती हैं।

**अम्मा**—क्या हो रहा है? एक बिल्ली! खीर के पीछे! यहाँ वह भूरा बिल्ला ही होगा। यह हमेशा घर में घुस खाना चोरी करता है। अगर वह खीर खा गया तो मैं क्या करूँगी? तुम्हारे पिताजी ने अपने बॉस को रात के खाने पर बुलाया है। (अपने हाथ को रगड़ती है) लेकिन अब तो कोई मीठी चीज होगी ही नहीं क्योंकि उसे तो यह बिल्ला खा गया होगा!

उनकी दादी माँ वहाँ पर आती हैं। उन्होंने एक साड़ी पहनी हुई है।

**रेखा**—(आवेशित होकर) दादी, स्टोररूम में एक बिल्ली है।

**रोहित**—और अम्मा ने जो खीर मेहमानों के लिए बनाई है उसे खा जायेगा!

**दादी**—बिल्ली? स्टोररूम में? बेवकूफ!

**रोहित**—लेकिन यह सच है दादी! तुम उसकी म्याऊँ करते सुन सकती हो..सुनो।

वह अपना एक हाथ ऊपर उठाता है और सभी बिल्ली की आवाज सुनने के लिए झुक जाते हैं।

**दादी**—मैंने तो कुछ नहीं सुना! और कोई भी बिल्ली स्टोररूम में नहीं घुस सकती क्योंकि खिड़की में सरिया बहुत पास-पास लगी है। तुम्हारे दादा ने उसे ऐसा बनवाया था।

**रेखा**—(धीमे से) मैंने वहाँ पर एक आवाज सुनी है!

वे सभी स्टोररूम की ओर देखने लगते हैं।

**अम्मा**—यदि यह बिल्ली नहीं है तो यह क्या है?

**दादी**—शायद तुम में से किसी ने दरवाजा खुला छोड़ दिया होगा और कोई कुत्ता अंदर आ गया होगा!

**अम्मा**—(दु:खी स्वर में) कुत्ता!

**रोहित**—(तेजी से एवं जोर से कहता है) हाँ! मैंने कुछ देर पहले घर के बाहर एक कुत्ता देखा था।

उनके दादाजी वहाँ पर आते हैं।

**दादा**—तुमने कुत्ता देखा! यह वह पागल होगा!

**अम्मा**—पागल कुत्ता!

**दादी**—हमारे घर में!

एक पड़ोसन चुपके से आती है। वह दादाजी की बात सुनती है और वहीं पर रूक जाती है।

**पड़ोसन**—क्या यह सच है? (अम्मा की ओर मुड़ते हुए)

**अम्मा**—यदि आप सभी एक मिनट शान्त रहो तो सभी उसकी आवाज सुन सकते हो।

खामोशी...क्यों सभी कुत्ते की आवाज सुनना चाहते हैं।

**रोहित**—गुर्राने की और खुशी की आवाज़!

**पड़ोसन**—मैं सोचता हूँ कि...

**अम्मा**—क्या?

वे सभी उन्हें घूरते हैं। वह भी घूरती है और घेरे में सभी के चेहरों को देखती हैं।

**पड़ोसी**—(शीघ्रता से) मैं आपको यह बताने आयी हूँ कि सर्कस से एक बाघ भाग गया है और..

**रोहित**—क्या बाघ!

**रेखा**—हमारे घर में!

**दादी**—(डरती हुई)बाघ!

**अम्मा**—(सुबकते हुए) वह मेरी प्रिय खीर खा जायेगा!

**रेखा**—(खुशी से) अब हमारी फोटो अखबार में छपेगी।

## दृश्य : 2

पड़ोसन खिसक लेती है। परिवार के लोग उसे जाते हुए नहीं देख पाते।

**दादी**—(सख्ती से) किसने स्टोररूम के दरवाजे को खुला छोड़ा कि बाघ भीतर चला गया?

**रेखा**—मैंने नहीं! मैं तो अपना होमवर्क कर रही थी।

एक व्यक्ति, कुछ औरतें और कुछ बच्चे वहाँ आते हैं।

**महिला**—(डरते हुए) क्या यह सच है?

**व्यक्ति**—क्या यहाँ बाघ है?

**लड़का**—वास्तव में! तुम्हारे स्टोररूम में!

लोग एक दूसरे से फुसफुसाते हैं, भयभीत होते हुए घर के चारों तरफ देखते हैं और भागने के लिए तैयार होते हैं।

**लड़की**—(डरते हुए) यहाँ क्या हो रहा है?

**रोहित**—शशश—(अपना हाथ उठाये हुए) सुनो...

सभी उसे सुनने के लिए झुकते हैं।

**लड़की**—(धीरे से) मैंने आवाज सुनी है।

**लड़का**—मैंने भी!

**व्यक्ति**—म्याऊँ की आवाज!

**रोहित**—वह सो रही है..सारी खीर खाने के बाद।

**दादा**—अब उसे पकड़ने का समय आ गया है!

**रोहित**—हाँ! जब यह गहरी नींद सो जायेगी।

**अम्मा**—उसे पकड़ने के लिए कौन जा रहा है?

**लड़की**—क्या दरवाजा बंद है?

**रोहित**—क्या दरवाजा!

**लड़की**—स्टोररूम का दरवाजा!

**रोहित**—नहीं!

सभी एक कदम पीछे हो जाते हैं। वे स्टोररूम की ओर घूरते हैं।

**अम्मा**—(उदासीन होकर) तुम कहना चाहते हो कि दरवाजा खुला है?

रोहित! रेखा! हिलना मत।

उनके पिता वहाँ पर आते हैं।

**पापा**—यह सब क्या है?

**रोहित**—(उनके पास दौड़ता है)

**व्यक्ति**—बाघ!

**महिला**—सर्कस से भाग गया था!

**अम्मा**—मुझे बहुत अफसोस है, लेकिन तुम्हारे बॉस के लिए कोई खीर नहीं बची।

**पापा**—(यकीन नहीं करते हुए) वास्तव में? इस बाघ की आवाज कैसी है?

**रोहित**—शशश..अब सुनो...

वे सभी आगे बढ़कर सुनते हैं, उनकी आँखें दरवाजे पर टिकी हैं।

**रोहित**—वहाँ! क्या आपने उसे सुना?

**पापा**—मैंने किसी बाघ की ऐसी आवाज कभी नहीं सुनी। दरवाजे की ओर जाता हूँ।

**दादा**—रमेश!

**अम्मा**—ओह! सावधानी से!

जैसे ही रमेश अंदर जाते हैं, वे सभी दिल थामकर देखते हैं। वह एक मिनट बाद वापिस आते हैं।

**पापा**—वहाँ पर तो कुछ नहीं है?

**व्यक्ति**—कुछ भी नहीं!

**महिला**—यह नहीं हो सकता!

**दादी**—हमने आवाज सुनी थी!

**दादा**—और रोहित ने कुत्ता देखा था।

**अम्मा**—और मेरी खीर!

**पापा**—थोड़ी सी खीर बची है। और वहाँ पर एक किताब थी।

**व्यक्ति**—किताब!

**पापा**—खीर खाने वाला इसे वहाँ पर छोड़ आया। जो आवाज आपने सुनी वह हवा चलने से किताब के पन्ने खड़खड़ाने की आवाज थी। स्टोररूम की खिड़की खुली हुई क्यों है?
चारों तरफ खामोशी है।

**रेखा**—(अपने भाई की तरफ मुड़ते हुए) रोहित! ओह रोहित! वह बिल्ली तुम थे...

**दादी**—जो खिड़की से अंदर गई थी...

**रेखा**—वह कुत्ता तुम थे...

**दादा**—जो घर के बाहर खड़ा था...

**रोहित**—और मैं बाघ था...(नींद के आगोश में लगता है)

**महिला**—जो सर्कस से भागकर आया था...

**अम्मा**—जो मेरी खीर खा गया था! (वह गुस्से में लगती है) तुम्हें मुझे बताना चाहिए था रोहित!

**दादा**—तुमने सभी को डरा दिया।

**पापा**—चलो, तुम्हें तुम्हारा हिस्सा मिल ही गया। —***नंदिनी नायर***

## Creative Exercise

### TEXTUAL STUDY

**A. Answer the following questions :**

**1.** Rohit started the story about something getting into the storeroom. He had done so as he had eaten the *kheer* and was afraid of getting caught.
**2.** Amma first said that a cat had got in the storeroom.
**3.** Amma first said that a dog had got in the storeroom.
**4.** Dada suggested that it could be a mad dog.
**5.** The neighbour was sure that a tiger had got in.
**6.** Papa ended it. He went in found out the truth. It was a book.
**7.** Rohit bumped into Rekha.
**8.** Amma thought that the tiger was eating up her kheer.
**9.** Papa was the most sensible person in the play.

**B. Who said the following?**

**1.** Rakha; **2.** Rohit; **3.** Rekha; **4.** Dadi; **5.** Dada; **6.** Woman

### VOCABULARY SKILL

**C. Rohit looked *uncertain. Uncertain* is the opposite of *certain*. Add *un* or *dis* before these words to get their opposites :**

Untrue, Unsure, Unlock, Undress, Disobey, Undo, Displease, Disagree, Untidy, Unafraid, Disappear, Dishonest.

**D. Complete these words using *ee, ie* or *ea* :**

N**ee**d, Sp**ea**k, L**ea**n P**ie**ce,

S**ee**ds, Th**ie**f Misch**ie**f, R**ea**ding

**E. Select a right word in the following sentences. Select words as you wish :**

**1.** little, **2.** looks, **3.** laughing, **4.** English, **5.** *kheer*.

**F. Fill in the blanks with *make* or *do* to complete these common phrases :**

| | |
|---|---|
| make | a bed |
| do | the dishes |
| do | some exercise |
| do | your job |
| make | a cup to tea |

## Comprehensive Exercise

### GRAMMAR SKILL

**A. Fill in the blanks in the following sentences with correct Prepositions from the brackets :**

**1.** with, **2.** of, **3.** of, **4.** near, **5.** ink, **6.** under, **7.** around, **8.** for, **9.** by, **10.** of.

**B. Rewrite the following sentences with correct word :**

**1.** One year has twelve months.
**2.** Yesterday they had dinner at 11 p.m.
**3.** A triangle has three sides.
**4.** He had two cars last year.
**5.** They have no money today.
**6.** I have an old book.
**7.** We had a beautiful toy. It was lost yesterday.
**8.** Yesterday I had high fever.

**C. Use Do/Does to begin each sentence :**

**1.** Does, **2.** Do, **3.** Does, **4.** Do, **5.** Do, **6.** Does, **7.** Does.

### PAIRS OF WORDS

**E. Complete the following pairs of words by choosing a suitable word from the box. The first one has been done for you :**

**1.** thread, **2.** Bread, **3.** saucer, **4.** arrow, **5.** sister, **6.** Bat, **7.** aunt, **8.** key, **9.** queen, **10.** Salt, **11.** father, **12.** Son.

### ASSIGNMENT

**F. Work in pairs. How many tigers can you spot in this picture? Take turn to tell each other where the tigers are :**

There are nine tigers in the picture :

**1.** Three tigers are on the cushions.

2. A tiger in on the picture frame.
3. A tiger is on the wall painting.
4. A tiger is on the box.
5. A tiger is on the vase.
6. A tiger is on the TV screen.
7. A tiger is on the book cover.

# The Busy World (Read for Fun)

## Creative Exercise

मधुमक्खियाँ उड़ रही हैं,
मेंढक फुदक रहे हैं
छछूंदर खोद रहे हैं,
कोई रुक नहीं रहा है।
लताएँ चढ़ रही हैं,
घास बढ़ रही है,
चिड़ियाँ गा रही हैं,
हवा बह रही है।
कलियाँ खिल रही हैं,
मधुमक्खियाँ भिनभिना रही हैं,
सूर्य की किरणें नाच रही हैं,
वर्षा की बूँदे टप-टप कर रही हैं।
पूरा विश्व कार्य में व्यस्त है,
झूम रहा है
गर्मी का समय मदमस्त है।

**TEXTUAL STUDY**

**A. Answer the following questions :**

1. Bees, frogs, moles and birds are described in the poem.
2. In the summer, each and every part of nature is busy. Bees, frogs, moles and birds are buzzing, hopping, digging and singing while vines, grass, wind, buds, sun beams and rain drops are climbing, growing, blowing, blooming, dancing and drumming. In fact, all are extremely busy in their work.
3. Do it yourself.

**B. Tick (✓) the correct option :**

**1.** (a) frogs, **2.** (b) grass, **3.** (d) dancing.

**C. Fill in the blanks :**

**1.** frogs, **2.** grass, **3.** bees, **4.** world.

## VOCABULARY SKILL

**D. Find the rhyming words :**

| Column A | Column B |
|---|---|
| hopping | stopping |
| growing | blowing |
| humming | drawing |
| busy | dizzy |

**E. Match the following words :**

| Column A | Column B |
|---|---|
| buds | bloom |
| bees | buzz and hum |
| vines | climb |
| raindrops | drum |
| birds | sing |

## Improvement Activities-4

**(Lesson 8, 9, 10)**

**A. Answer the following questions :**

**1.** On the way to his school, Sam found a big egg.

**2.** The baby dinosaur nibbled the trees, the flowers and the grass in the school.

**3.** Tanya was Ginni's new friend in the school.

**4.** Rohit started the story about something getting in the store room.

**5.** Do it yourself.

**B. Fill in the blanks :**

**1.** crack **2.** clarence, **3.** door, **4.** frogs, **5.** world.

**C. Write True or False :**

**1.** False, **2.** True, **3.** True, **4.** False, **5.** False.

**D. Select a right word in the following sentences. Select words as you wish :**

**1.** little, **2.** shouts, **3.** laughing, **4.** English, **5.** kheer.

**E. Fill in the blanks in the given sentences with correct Prepositions from the brackets :**

**1.** with, **2.** of, **3.** into, **4.** under, **5.** by.